संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 31 अक्टूबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी सिसोदिया प्रकरण पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करती हुई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 291 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# शराब घोटालाः सिसोदिया को सुप्रीम झटका

= शराब घोटाला केस में जमानत याचिका खारिज, कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट को छह से आठ महीने में सुनवाई पूरी करने के निर्देश दिए

**मामला गंभीर**

8 नियमित जमानत की अपीलें यह कहकर खारिज की मामले में अस्थायी तौर पर 338 करोड़ रुपये के हस्तांतरण की पुष्टि हुई है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट को छह से आठ महीने में सुनवाई पूरी करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने नियमित जमानत की अपीलें यह कहकर खारिज कर दी कि मामले में अस्थायी तौर पर 338 करोड़ रुपये के हस्तांतरण की पुष्टि हुई है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि उसने जांच एजेंसियों के

## कोर्ट ने पहले ही सुरक्षित रख लिया था फैसला

17 अक्तूबर को जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भाटी की पीठ ने सीबीआई और ईडी की ओर से पेश उनके वकील अभिषेक सिंघवी और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू को सुनने के बाद सिसोदिया की दो अलग-अलग जमानत याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा था। बता दें कि सिसोदिया को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों द्वारा जांच की जा रही उत्पाद नीति मामलों में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उन्होंने फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। जांच एजेंसियों (ईडी और सीबीआई) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने अदालत को बताया था कि मुकदमा 9 से 12 महीने के भीतर समाप्त हो सकता है।

## 26 फरवरी को गिरफ्तारी, कैबिनेट से इस्तीफा

**सिसोदिया** को 26 फरवरी को 'घोटाले' में उनकी कथित भूमिका के लिए सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। तब से वह हिरासत में हैं। ईडी ने तिहाड़ जेल में उनसे पूछताछ के बाद 9 मार्च को सीबीआई की एफआईआर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने 28 फरवरी को दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था।

# सतर्कता विभाग में 103 नये पद सृजित किये जायेंगेः सीएम धामी



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**मुख्यमंत्री** ने 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक चलने वाले सतर्कता सप्ताह के अन्तर्गत भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड के लिए विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाया जाए। सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की कि सतर्कता विभाग में 103 नये पद सृजित किये जायेंगे। सतर्कता विभाग की कार्यप्रणाली को प्रभावी रूप से और बेहतर बनाने के लिए सर्विलांस व तकनीक विशेषज्ञों की टीम का गठन किया जायेगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भ्रष्टाचार पर पूर्णतया रोक लगाने के लिए जागरूकता अभियान नियमित रूप से चलाए जाएं।



अमेठी के एक कार्यक्रम में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी।

# उद्यमी आश्वस्त होकर यूपी में करें निवेशः सीएम योगी



**टीम एक्शन इंडिया/अमेठी**
**2018 में प**हले निवेशक सम्मेलन के वक्त जब दो लाख करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया, तो लोग हमारे निर्णय पर हंसते थे। देशभर के उद्यमी यूपी में निवेश के नाम से कतराते थे। मगर आज उत्तर प्रदेश में अबतक 38 लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुका है। उद्यमी केवल निवेश की गारंटी लें, पूंजी और उनकी सुरक्षा की गारंटी सरकार की होगी। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां दक्षिण पश्चिम एशिया के सबसे बड़े बेवरेज प्लांट के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही। इससे पहले सीएम योगी ने एसएलएमजी बेवरेज प्रा लि के प्लांट का अवलोकन किया। उन्होंने प्लांट के विभिन्न वर्कशॉप में जाकर बॉटलिंग प्रॉसेस की कार्यप्रणाली को भी जाना।

**आह्वान**

8 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमेठी में दक्षिण पश्चिम एशिया के सबसे बड़े बेवरेज प्लांट का किया उद्घाटन

**यूपी देश में निवेश का सबसे अच्छा डेस्टिनेशनः** उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये बॉटलिंग प्लांट प्रदेश सरकार के निवेश की उस पॉलिसी का हिस्सा है, जो प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमने निवेश, रोजगार और बेहतरीन औद्योगीक वातावरण देने के लिए प्रारंभ किया है। डबल इंजन की सरकार आने के बाद यूपी देश के अंदर निवेश के सबसे अच्छे डेस्टिनेशन के रूप पहचान बना रहा है। आज देश के अलग अलग हिस्से के उद्यमी यूपी में निवेश के लिए इच्छुक हैं। यूपी में निवेश और सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित की गई है। 2018 में हमें पौने पांच लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव मिला था। ठीक पांच साल बाद इस साल फरवरी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए अबतक 38 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इसके लिए सरकार ने बहुत से रिफॉर्म किये।

# टाटा मोटर्स को 766 करोड़ मुआवजा देगी बंगाल सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
पश्चिम बंगाल सरकार को सिंगूर में टाटा मोटर्स की नैनो फैक्ट्री को बंद करने के लिए कंपनी को सितंबर 2016 से 11 प्रतिशत ब्याज के साथ 765.78 करोड़ रुपये की बड़ी राशि का भुगतान करना होगा। तीन सदस्यीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण से सोमवार को कंपनी के पक्ष में सर्वसम्मति से फैसला आया। टाटा मोटर्स ने सोमवार को कहा कि एक मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम को सिंगूर में उसके मैन्युफेक्क्रिंग साइट (विनिर्माण स्थल) पर हुए नुकसान के संबंध में कंपनी को 766 करोड़ रुपये का मुआवजा देने को कहा है। भूमि विवाद के कारण अक्तूबर 2008 में टाटा मोटर्स को छोटी कार नैनो का उत्पादन करने के लिए अपने प्लांट को पश्चिम बंगाल के सिंगुर से गुजरात के साणंद में स्थानांतरित करना पड़ा।



# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से 'आप' सहमत नहीं

## सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करते हैं, लेकिन जमानत याचिका रद्द करने के आदेश से असहमतः आप

**फैसले से निराश**

8 जब जमानत का केस सुना जा रहा था, तब सुप्रीम कोर्ट ने अभियोजन पक्ष से बहुत तीखे सवाल पूछे थे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका रद्द होने पर आप नेता आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि जब सिसोदिया की जमानत का केस सुना जा रहा था, तब सुप्रीम कोर्ट ने प्रॉसिक्यूशन (अभियोजन पक्ष) से बहुत तीखे सवाल पूछे थे। ईडी से बार-बार यही सावल पूछे थे कि आपके पास मनीष सिसोदिया से जुड़ी मनी ट्रेल कहां है? क्या उनके पास पैसा आया, क्या उनके परिवार के पास पैसा आया? या फिर उनके किसी परिवार से जुड़ी कंपनी के पास पैसा आया। अगर ईडी मनीष सिसोदिया के पास पैसा पहुंचता नहीं दिखा सकती तो मनी लॉन्ड्रिंग का सवाल कैसे पैदा होता है और पीएमएलए लगने का सवाल कैसे पैदा होता है।

**सिर्फ दिनेश अरोड़ा के बयान पर बनाया केसः** सुप्रीम कोर्ट ने ये भी पूछा कि ईडी की जो सारे अभियोजन पक्ष का केस है, वो सिर्फ एक अप्रूवल दिनेश अरोड़ा के बयान के आधार पर है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट यह तक कहा कि गवाह तो अपनी जान बचाने के लिए कुछ भी कह सकता है।

**सुप्रीम कोर्ट के फैसला का करेंगे अध्ययनः** सुप्रीम कोर्ट का हम सम्मान करते हैं और सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करते हुए सम्मानपूर्वक यह कहना चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने जो आज फैसला दिया है उससे हम असहमत हैं। उस निर्णय को लेकर आगे क्या-क्या कानूनी कार्रवाई हो सकती है, हम उसको एक्सप्लोर (अध्ययन) करेंगे। आतिशी ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) का कोई भी नेता एक रुपये के भ्रष्टाचार में शामिल नहीं हुआ है। आम पार्टी ईमानदारी थी है और रहेगी। पार्टी ने न ही भ्रष्टाचार किया है और न ही करेगी। ईडी ने अपनी चार्जशीट में भी एक भी रुपया नहीं दिखाया है कि जो मनीष सिसोदिया के पास पहुंचा हो।






### भाजपा ने आम आदमी पार्टी पर साधा निशाना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** एक्साइज पॉलिसी मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया की जमानत याचिका खारिज किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है।
पार्टी मुख्यालय में सोमवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ जमानत याचिका ही खारिज नहीं की बल्कि 338 करोड़ रुपये (मनी ट्रेल) भी स्थापित हो चुका है। यह अब केवल एक आरोप नहीं है बल्कि यह अब 338 करोड़ रुपये के मनी ट्रेल को स्थापित करता है। अब अरविंद केजरीवाल की सरकार को अदालत में बताना होगा कि यह पैसा कहां है? उन्होंने कहा कि चोरी ऊपर से सीनाजोरी पार्टी का स्वाभाविक चरित्र बनता जा रहा है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल अपने मंत्रियों के लिए भारत रत्न की मांग कर रहे थे लेकिन एक एक करके आम आदमी पार्टी के नेता जेल जा रहे हैं। अरविंद केजरीवाल के सारे रत्न, जवाहरात फिलहाल हवालात में हैं। कट्टर ईमानदार पार्टी के नेता की जमानत याचिकाएं भी खारिज होती जा रही हैं। आम आदमी पार्टी महात्मा गांधी की समाधि पर जा कर ईमानदारी की कसमें खाती थी और दूसरी ओर शराब नीति के तहत एक के साथ एक शराब की बोतल फ्री बांट रही थी।

# 'मनपसंद व्यक्ति से शादी करना संवैधानिक अधिकार'




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विवाह** का अधिकार मानवीय स्वतंत्रता और भारतीय संविधान में नागरिकों को प्रदत्त जीवन का अधिकार का एक हिस्सा है। यह बातें दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को अपने फैसले में कही हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि जब दो वयस्क सहमति से विवाह करने का फैसला करते हैं तो फिर माता-पिता, समाज या सरकार की ओर से किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं की जा सकती है। कोर्ट ने यह बात तब कही है, जब एक दंपत्ति ने कोर्ट से पुलिस सुरक्षा की मांग की थी। दंपत्ति ने अपनी याचिका में कहा कि उसने अपने माता-पिता के खिलाफ जाकर शादी की है, इसलिए परिवार वाले उसे लगातार धमकी दे रहे हैं। इस कारण उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। दिल्ली हाईकोर्ट ने पीड़ित दंपत्ति को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी करने का पूरा अधिकार है। उन्हें अपने फैसले और पसंद को लेकर किसी भी सामाजिक स्वीकृति की कोई जरूरत नहीं है। कोर्ट ने संबंधित थानाध्यक्ष को दोनों को सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा। जस्टिस सौरभ बनर्जी ने कहा कि अपनी पसंद के व्यक्ति से विवाह करने को न सिर्फ मानव अधिकारों में रेखांकित किया गया है बल्कि यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 का भी एक अहम हिस्सा है।

# नंद नगरी में जुलूस निकालने के दौरान बवाल में दो जख्मी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी इलाके में शनिवार को वाल्मीकि जयंती के मौके पर कुछ शरारती तत्वों ने माहौल खराब करने का प्रयास किया। जुलूस में शामिल कुछ बाइक सवार छोटा रास्ता लेने के चक्कर में ई-ब्लॉक मस्जिद के सामने पहुंच गए। बाइक सवार लड़के धार्मिक नारेबाजी कर रहे थे। मस्जिद के सामने मौजूद समुदाय विशेष के लड़कों ने इनको नारेबाजी करने से रोका तो विवाद हो गया। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई। इन लोगों ने जुलूस निकाल रहे लड़कों को खदेड़ दिया। बवाल के दौरान दो युवक मामूली रूप से जख्मी हो गए जबकि भीड़ ने इनकी बाइकों को भी तोड़ डाला। पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बवाल की सूचना मिली तो तुरंत पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। हालात को काबू कर लिया गया। पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि बाइक सवार युवक जुलूस के रास्ते को छोड़कर छोटा रास्ता लेकर यहां से गुजर रहे थे। यह जुलूस का तय रास्ता नहीं था। फिलहाल घायलों के बयान पर मामला दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी और वीडियो के आधार पर हमला करने वाले लड़कों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पूरे हालात पर नजर रखे हुए हैं। दोनों ही समुदाय के बुजुर्ग लोगों को बैठाकर बैठकें की जा रही हैं। पुलिस ने सभी से शांति की अपील की है। पुलिस के मुताबिक शनिवार शाम 6:30 बजे नंद नगरी से वाल्मीकि जयंती के मौके पर जुलूस निकाला जा रहा था।



**हंगामा**

8 ई-ब्लॉक मस्जिद के सामने पहुंच गए। बाइक सवार लड़के धार्मिक नारेबाजी कर रहे थे

## अंडर कंस्ट्रक्शन साइट के गड्ढे में गिरी वैन, ड्राइवर घायल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**द्वारका** इलाके में बीती रात एक वैन जल बोर्ड के अंडर कंस्ट्रक्शन साइट के अंदर अनबैलेंस होकर गड्ढे में गिर गई। गाड़ी चला रहे ड्राइवर को भी चोट लगी। घायल को नजदीक के अस्पताल में ले जाया गया। लेकिन किस्मत अच्छी थी कि उसकी जान बच गई। यह हादसा द्वारका के मधु विहार सर्विस रोड पर भास्कराचार्य कालेज के पास हुआ है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि इस हादसे के बारे में पुलिस को रात में सूचना मिली थी। मौके पर तुरंत पुलिस टीम पहुंची तो देखा कि एक वैन जल बोर्ड के अंडर कंस्ट्रक्शन साइट के गड्ढे में गिरा हुआ है। वहां पर लोगों की भीड़



मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के निमित्त देश भर के युवा कलश लेकर दिल्ली पहुंच रहे हैं, उसी की तैयारियों को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने अंतिम रूप दिया ।

## नौकरी से हटाने और बकाया वेतन की मांग को लेकर धरना पर बैठे सिविल डिफेंस कर्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली की डीटीसी की बसों में मार्शल के पदों पर तैनात सिविल डिफेंस के कर्मचारी सचिवालय के बाहर धरने पर बैठ गए हैं। कल सिविल डिफेंस कर्मचारियों ने जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया था। एक दिन पहले ही सिविल डिफेंस कर्मचारियों को सचिवालय से हटा दिया गया था। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना है कि पिछले 6 से 7 महीना से हमें वेतन नहीं मिला है। हमारे घर का खर्चा नहीं चल रहा है। हम सड़क पर आ गए हैं। सरकार हमारी मांगें नहीं सुन रही है सिर्फ सरकार हमारे साथ राजनीति कर रही है और हमें लॉलीपॉप पकड़ा दिया जा रहा है। इधर, सिविल डिफेंस कर्मचारियों को लेकर राजधानी दिल्ली में सियासत गरमाई हुई है। दिल्ली सरकार ने प्रदर्शन कर रहे सिविल डिफेंस कर्मचारियों को होमगार्ड बनाने की बात कही है। दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा है कि जो सिविल डिफेंस कर्मचारी प्रदर्शन कर रहे हैं। हमने उन लोग को एक प्रस्ताव भेजा है और हम इन्हें होमगार्ड की नियुक्ति देना चाहते हैं।

**विरोध**

8 कर्मचारियों का कहना है कि होमगार्ड की बात कहकर सिर्फ हमारे साथ राजनीति हो रही है

प्रदर्शन कर रहे सिविल डिफेंस कर्मचारियों का कहना है कि होमगार्ड की बात कहकर सिर्फ हमारे साथ राजनीति हो रही है। अभी जो हमारा मुख्य मुद्दा है हमारा वेतन है, पहले हमें वेतन दिया जाए।

**सिविल डिफेंस के कर्मचारियों ने की बकाया वेतन कीः** सचिवालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे सिविल डिफेंस के कर्मचारी आशु ने बताया कि, "पिछले कई महीनों से वेतन नहीं मिला है जिसकी वजह से घर का गुजारा करना भी मुश्किल हो रहा है। उनका कहना है कि दिल्ली सरकार ने अभी जो कहा है कि हम होमगार्ड बनाने जा रहे हैं लेकिन हमें होमगार्ड नहीं बना है सिर्फ होमगार्ड बनाने के नाम पर हमारे साथ सियासत खेली जा रही है।"

# सुप्रीम कोर्ट ने सुकेश की पत्नी की जमानत याचिका की खारिज, कहा- बेहद गंभीर हैं आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने 200 करोड़ रुपये की जबरन वसूली मामले में ठग सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी लीना पॉलोज की जमानत याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि उनके खिलाफ आरोप गंभीर हैं। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि पिछली बार दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा जमानत याचिका खारिज किये जाने के बाद से परिस्थितियों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पीठ ने कहा, "आरोप काफी गंभीर हैं। क्षमा करें, हमने फैसला ले लिया है। उच्च न्यायालय पहले ही मामले की जांच कर चुका है।"

**जमानत याचिका को किया खारिजः** पॉलोज की ओर से पेश वरिष्ठ वकील आर बसंत ने उन्हें जमानत देने में अदालत की अनिच्छा को महसूस करने के बाद याचिका वापस ले ली और मामले को वापस लिया गया मानकर खारिज कर दिया गया। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा, "याचिकाकर्ता का कहना है कि वकील को मामले में आगे न बढ़ने के निर्देश हैं। याचिका को अप्रभावित मानते हुए खारिज किया जाता है।"

**महंगे गिफ्ट्स खरीदने के लिए होता था पैसों का इस्तेमालः** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 11 जुलाई को पॉलोज की जमानत याचिका खारिज कर दी थी और कहा था कि जांच से पता चला है कि दंपति ने संगठित अपराध सिंडिकेट चलाने में मिलकर काम किया और अपराध से प्राप्त आय का इस्तेमाल अपने व्यवसाय और अन्य हितों को बढ़ावा देने के लिए किया। उच्च न्यायालय ने कहा कि जांच से पता चला है कि अपराध की आय का इस्तेमाल हवाई यात्रा और बॉलीवुड हस्तियों के लिए महंगे ब्रांडेड उपहार खरीदने के लिए किया गया था।



**झटका**

8 उच्च न्यायालय द्वारा जमानत याचिका खारिज किये जाने के बाद से परिस्थितियों में कोई बदलाव नहीं हुआ

**कानून मंत्रालय का अधिकारी बनकर लूटे 200 करोड़ रुपयेः** दिल्ली पुलिस ने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटरों शिविंदर सिंह और मालविंदर सिंह की पत्नियों से उनके पतियों की जमानत कराने का वादा करके कथित तौर पर 200 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में चंद्रशेखर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। चंद्रशेखर पर दो व्यवसायी भाइयों की पत्नियों को धोखा देने के लिए कानून मंत्रालय के एक अधिकारी के तौर पर पेश आने का आरोप लगाया गया है।

**कई आपराधिक मामलों में हो रही कार्रवाईः** देश भर में उनके खिलाफ और भी कई मामलों की जांच चल रही हैं।

चंद्रशेखर और पॉलोज ईडी द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी कार्यवाही का सामना कर रहे हैं। उनको दिल्ली पुलिस ने सिंह भाइयों की पत्नियों और अन्य लोगों से जुड़े जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किया था।

# तीन लोगों को मारा चाकू, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी दिल्ली में चाकूबाजी के दौरान** घायल करने और हत्या करने की घटना कम होने का नाम नहीं ले रही है। कभी नबी करीम में चाकू मारकर हत्या कर दी जा रही है, तो कभी सब्जी मंडी इलाके में। यहां तक की पिछले दिनों दशहरा के अवसर पर रामलीला में हुए झगड़े में तीन लोगों को रामलीला ग्राउंड के बाहर चाकू मारकर बुरी तरह घायल कर दिया गया। इसी क्रम में अब द्वारका जिला के नगली सकरावती इलाके में बीती रात बदमाशों ने तीन लोगों को चाकू मार दिया। जिसमें एक शख्स की मौत हो गई और दो लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। मृतक की पहचान 33 साल के धर्मेंद्र के रूप में हुई है। डीसीपी एम हर्ष वर्धन ने इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि बीती रात 8:30 बजे के आसपास पुलिस को नगली सकरावती इलाके में झगड़े की सूचना मिली थी। मौके पर छानबीन में पता चला कि एक की मौत हो गई है, दो घायल हुए हैं। यह वारदात नगली के एक गोदाम पर हुई है।



जानकारी के अनुसार एक शख्स संदिग्ध हालत में गोदाम में चोरी करने के लिए घुस रहा था। वहीं गोदाम में काम करने वाले वर्कर मौजूद थे। उन्होंने संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। उसी बीच उस संदिग्ध युवक के सपोर्ट में काफी संख्या में और सहयोगी आ गए और उन्होंने गोदाम में काम कर रहे वर्कर की पिटाई कर दिया और जानलेवा हमला कर दिया।

# राघव के अनिश्चितकालीन निलंबन पर कोर्ट ने जताई चिंता



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा के राज्यसभा से अनिश्चितकालीन निलंबन पर चिंता व्यक्त की है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि राघव चड्ढा सदन में विपक्ष की आवाज की नुमाइंदगी करते हैं। सदन में ऐसी आवाज का प्रतिनिधित्व बना रहे, इसे लेकर हमें सतर्क रहना चाहिए। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि हम विशेषाधिकार हनन के विस्तृत विषय या विशेषाधिकार कमेटी के अधिकार क्षेत्र में दखल नहीं देंगे। कोर्ट के सामने राज्यसभा से राघव चड्ढा के अनिश्चितकाल तक निलंबन का मसला है। कोर्ट ने पूछा कि क्या राघव चड्ढा माफी मंगाने को तैयार हैं। इस पर राघव चड्ढा की ओर से पेश वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि वो राज्यसभा सभापति और कोर्ट दोनों के सामने माफी मांगने को तैयार हैं।
सुनवाई के दौरान अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि कोर्ट इस मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकता, क्योंकि यह संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। इस पर राघव चढ्ढा की ओर से पेश वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि 60 दिन तक अगर राघव चड्ढा संसद में नहीं गए तो सीट खाली घोषित हो सकती है, ऐसे में कैसे अनिश्चितकाल तक सस्पेंड किया जा सकता है। कोर्ट ने 16 अक्टूबर को राज्यसभा सचिवालय को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने अटार्नी जनरल से इस मसले पर सहयोग करने को कहा था। राघव चड्ढा को 11 अगस्त को निलंबित कर दिया गया था। पांच सांसदों की सहमति के बिना उनका नाम सेलेक्ट कमेटी के लिए प्रस्तावित करने के आरोप में उन्हें निलंबित किया गया था। मामला अभी विशेषाधिकार कमेटी के पास है। राघव ने निलंबन को गलत बताया है।

**एक्यूआई** सामान्य रोग विशेषज्ञ के पास हर रोज 50 से 60 मरीज सांस रोग के आ रहे हैं, चिकित्सकों का कहना है कि सर्दियों के आते ही लगभग 30 प्रतिशत मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई

# प्रदूषण के चलते एम्स शाखा की ओपीडी में सांस और दमे के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिन** प्रतिदिन बढ़ते जा रहे प्रदूषण के चलते एम्स शाखा की ओपीडी में सांस और दमे के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। सामान्य रोग विशेषज्ञ के पास हर रोज 50 से 60 मरीज सांस रोग के आ रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि सर्दियों के आते ही लगभग 30 प्रतिशत मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। एम्स शाखा की ओपीडी में प्रतिदिन करीब तीन हजार मरीज उपचार करवाने के लिए आते हैं। इनमें से 250 मरीज सामान्य रोग विशेषज्ञ के पास बुखार, खांसी और सांस का उपचार करवाने के लिए आ रहे हैं। एम्स शाखा के सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश ने बताया कि प्रदूषण का स्तर बढ़ने की वजह से उनकी ओपीडी में सांस रोगी मरीजों की संख्या बढ़ गई है। उनकी ओपीडी में हर रोज 50 से 60 मरीज सांस रोगी के आ रहे हैं। जिनकी उम्र 50 से ऊपर है। बढ़ते प्रदूषण की वजह से उन मरीजों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि पहले सांस रोगी मरीज पंप का इस्तेमाल काफी कम किया करते थे लेकिन अब मरीज दिन दो बार कर रहे हैं। राजीव कॉलोनी निवासी घनश्याम ने बताया कि उनको सांस की परेशानी पहले से थी लेकिन अब प्रदूषण का स्तर बढ़ने की वजह से उनको ज्यादा परेशानी हो रही है। इसी वजह से वह अब सुबह व शाम को सैर करने के लिए भी घर से बाहर नहीं जा रहे हैं। डॉक्टरों की सलाह के अनुसार वह अब दिन में दो बार पंप का इस्तेमाल कर रहे हैं।



**परेशानी**

8 ओपीडी में हर रोज 50 से 60 मरीज सांस रोगी के आ रहे हैं। जिनकी उम्र 50 से ऊपर है। मरीजों को सांस लेने में परेशानी हो रही

**सर्दियों में बढ़ जाते हैं 30 प्रतिशत मरीजः** बीके अस्पताल के सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहित अग्रवाल ने बताया कि काला दमा व अस्थमा, मरीजों के लिए प्रदूषण और कम तापमान खतरनाक होता है। अन्य माह की अपेक्षा सर्दियों के चार महीनों (नवंबर, दिसंबर, जनवरी और फरवरी) में अस्पतालों में इनकी संख्या 30 फीसदी तक बढ़ जाती है।

यह है लक्षण
- तेजी से सांस लेना।
- बलगम के साथ खांसी आना।
- सीने में इंफेक्शन व जकड़न होना।
- कमजोरी आ जाना

इन सावधानियों को बरतें
- मरीजों को हमेशा गर्म कपड़े पहनने चाहिए
- बाहर निकलने पर नाक और मुंह को कवर जरूर करें
- अस्थमा और काला दमा पीड़ितों के कमरे में अंदर धूपबत्ती न जलाएं।
- घरों में अंगीठी, हीटर आदि के प्रदूषण से मरीज को बचाएं।

## न्यूज फ्लैश

### एक्सप्रेस वे पर कार सवार चोरों ने नगदी सहित अंगूठी की चोरी

**मथुरा।** नौहझील थाना क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे पर चार कार सवार अज्ञात चोरों ने सवारी के थैले से 7500 रुपए की नगदी सहित एक सोने की अंगूठी पार कर दी।यह भी दिनदहाड़े तब हुआ जब एक्सप्रेस वे पर पुलिस की कड़ी मुस्तैदी चल रही है। घटना से अंदाजा लगाया जा सकता है कि चोरों व लुटेरों में पुलिस का भय तनिक भी नहीं है। यमुना एक्सप्रेस वे पर वारदातें आम बात हो गई हैं। वहीं तीन शिफ्टों में भी पुलिस एक्सप्रेस वे पर तैनात रहती है मगर लोगों की सुरक्षा राम भरोसे है। जानकारी देते हुए सनक सिंह तांगड़ निवासी जरौली कलां थाना टुण्डला जिला फिरोजाबाद ने बताया कि वह वर्तमान में नौहझील क्षेत्र के शांति निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शल्ल सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त हैं। विद्यालय का अवकाश होने के बाद यमुना एक्सप्रेस वे के बाजना कट से एक प्राइवेट कार में बैठकर अपने घर जा रहा था। रास्ते में कार सवार चारों अज्ञात चोरों पर उनकी हरकतों से उन पर शक हुआ और वह माइल स्टोन 76 पर उतर गये।बैग चेक करने पर बैग से 7500 रुपए नगद व सोने की अंगूठी गायब थी। गाड़ी का नंबर पूरा नहीं पढ़ पाया था। अज्ञात चारों चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। वहीं जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़ित अध्यापक की तहरीर पर चार अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर चोरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

### चोरो ने रात्रि में चटकाये ताले

**मथुरा।** कस्बे के छाता बरसाना रोड पर एक मकान में चोरों ने रात्रि में धाबा बोल दिया और मकान में रखें नगदी सहित जेवरातो को चुरा ले गए मकान स्वामी को सुबह पता लगे पर पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। मकान स्वामी प्रेमचंद ने बताया कि रात्रि में लगभग एक से दो के बीच चोरों ने घर के अंदर धाबा बोल दिया और घर में रखें लगभग 20 हजार नगदी व लाखो रुपए के चांदी, सोने के आभूषणों को चुरा कर ले गए सुबह होने पर कोतवाली जाकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। छाता इंस्पेक्टर संजीव कुमार दुबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच में जुट गई है जल्दी घटना का खुलासा किया जाएगा

### बांके बिहारी मन्दिर के समीप 3 सांप तस्कर गिरफ्तार

**मथुरा।** वृंदावन में सांप तस्करों द्वारा दुर्लभ प्रजाति के सांपों को पकड़कर उनके जहर की अवैध बिक्री करने के एक सनसनीखेज मामले का खुलासा हुआ है। मेनका गांधी की एनजीओ पीपल फॉर एनिमल्स की शिकायत पर वन विभाग ने मौके से चार ब्लैक कोबरा और तीन अजगरों को रेस्क्यू कराया है। मामले में 4 लोगों के खिलाफ वन्यजीव अधिनियम और पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मौके से तीन सांप तस्करों को अरेस्ट कर लिया है। पशुओं के लिए काम कर रही संस्था पीपुल फॉर एनिमल (पीएफए) में एनीमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता निवासी नई दिल्ली को सूचना मिल रही थी, कि वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर के पास कुछ वन्य जीव तस्कर कोबरा सांपों को पकड़कर उनका जहर निकालकर अवैध तरीके से बेचते हैं और दुर्लभ प्रजाति के अजगर को भी करोड़ों में बेचते हैं। ये लोग चार अजगर और तीन कोबरा सांपों को बेचने को तैयारी में थे। संस्था की टीम ने मौके से पुलिस और वन विभाग को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम ने मौके से तीन सांप तस्करों को अरेस्ट कर लिया। वन विभाग ने उनके कब्जे से चार अजगर और तीन कोबरा सांप बरामद किए हैं।

### धूमधाम के साथ मनाया गया महाराजा अंबरीष जयंती महोत्सव

मथुरा। सोनी समाज सेवा समिति, सोनी समाज युवा समिति, सोनी समाज युवा मित्र मंडल, के संयुक्त तत्वाधान मे मसानी स्थित चित्रकूट में महाराजा अंबरीष जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फरह के चेयरमैन शालिग्राम बटिया ने दीप प्रजलित कर किया। छोटे छोटे बच्चों ने डांस प्रतियोगिता, रंगारंग कार्यक्रम व मेधावी छात्र छात्राओं, अधिकारी व पत्रकारों को सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय स्वर्णकार जन जागृति एसोसिएशन छगनलाल वर्मा ने कहा समाज के कार्य में सभी संगठनों को एक साथ आकर समाज के कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए। यही समाज की एकता का प्रतीक है। युवा प्रदेश अध्यक्ष सौरभ वर्मा ने बताया कि मथुरा के अंदर यह आयोजन वर्ष 2016 से होता आ रहा है इसमें संपूर्ण मथुरा स्वर्णकार समाज के लोग शामिल होते हैं।

# सीएम ने ली हरियाणा राज्य तकनीकी सलाहकार समिति की बैठक

## महेंद्रगढ़ जिला के लिए 26.9 करोड़ की परियोजनाओं को तय अवधि में पूरा करने के

**टीम एक्शन इंडिया / इंद्रजीत सिंह**

**नारनौल । राज्य** सरकार दक्षिणी हरियाणा में लगातार नहरों की क्षमता बढ़ाने का कार्य कर रही है। पानी की कमी से जूझ रहे महेंद्रगढ़ जिला के लिए सरकार ने व्यवस्था की धारा को मोड़कर इस इलाके के पाताल में जा रहे भूजल स्तर को न केवल वहीं पर रोका बल्कि उसे ऊपर उठाने का काम किया है। यह बात मुख्यमंत्री मनोहर



लाल ने आज वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए हुई 55वीं हरियाणा राज्य तकनीकी सलाहकार समिति की बैठक में कही। इस बैठक में उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने जिला महेंद्रगढ़ में अब तक हुए काम के बारे में प्रगति रिपोर्ट दी। सीएम ने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ के लिए 26.9 करोड़ की पांच नई परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है। इन सभी परियोजनाओं को एक निश्चित अवधि में पूरा करवाया जाए।

उन्होंने कहा कि बारिश के दिनों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का पानी दक्षिणी हरियाणा की नदियों में डालने से जल स्तर में बहुत बड़ा बदलाव आया है। सरकार का लक्ष्य केवल जल स्तर में सुधार ही नहीं है बल्कि लोगों को पानी का समझदारी पूर्वक उपयोग करने की आदत डालना भी है। इसी कड़ी में सरकार मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा दे रही है।

इस बैठक में एसई राजेश खत्री, डीआरओ सुशील शर्मा, डीडीपीओ आशीष मान, एक्सईएन नितिन भार्गव, एक्सईएन अजेंद्रा सुहाग, एक्सईएन आशुतोष यादव, एक्सईएन प्रमोद शर्मा के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## करवा चौथः पर्व से पूर्व साड़ी पाकर महिलाओं के चेहरों पर तैर गई



**मथुरा।** जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल में पढ़ने वाले गरीब बच्चों की माताओं को भागवताचार्य श्री कृष्ण गौड़ शास्त्री द्वारा 151 साड़ी वितरित कीं। करवा चौथ पर्व से पूर्व साड़ी पाकर महिलाओं के चेहरों पर मुस्कान आ गई।

जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र पन्ना पोखर पर करवा चौथ त्योहार से पूर्व भागवताचार्य श्री कृष्ण गौड़ शास्त्री के सौजन्य से गरीब एवम जरूरतमंदों 151 महिलाओ को साड़ी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चौधरी ने कहाकि कई वर्षों से जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल संस्था निःशुल्क शिक्षा केन्द्रों के माध्यम से सैकडों बच्चों को शिक्षा संस्कार देने के साथ ही एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों की सफलता पूर्वक पूरा कर रह रही है। उन्होंने जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसायटी संस्था के संचालक सतीश चंद्र

## फर्जी रिपोर्ट लगाकर समस्याओं का निस्तारण बो रहा रंजिश के बीज

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

जमीनी विवाद में हुई देवरिया की वीभत्स घटना ने भले ही आम जनमानस को झकझोर कर रख दिया लेकिन सरकारी मुलाजिमों ने इससे कोई सबक नहीं लिया है। यह घटना किसी से छिपा नहीं है। इसमें कई जाने गईं, कई आला अधिकारी निलंबित भी हुए। मनमर्जी से घर बैठे फर्जी रिपोर्ट लगाकर मामले को इतिश्री कर लेना इस तरह की घटनाओं के पीछे बड़ी वजह साबित हो रही है। चौमुहां निवासी किसान राजकुमार सिंह का आरोप है कि दबंगों ने उनके खेत का चकरोड बंद कर रखा है। खेत पर जाने का कोई रास्ता नहीं बचा है। 17 जून 2023 को संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया था, जिस पर सीडीओ ने तत्काल प्रभाव से टीम बनाकर पैमाइश कराने के निर्देश दिए थे। मगर लेखपाल द्वारा 30 जून को फर्जी रिपोर्ट लगाकर मामले का फर्जी निस्तारण करवा दिया है। पीड़िता का आरोप है कि लेखपाल ने मिलीभगत से गलत रिपोर्ट लगाई गई है। चकरोड के अभाव में उनके खेत की बुवाई, जुताई आदि कार्य सही समय पर संपादित नहीं हो पा रहे है। जिससे उन्हे आर्थिक क्षति भी हो रही है। रोजी रोटी का संकट पैदा हो रहा है। चौमुहां के ही किसान छत्तर सिंह का कहना है कि उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया था। पूर्व में यहां कार्यरत लेखपाल ने उनके चक को जाने वाला चकरोड सही कराया था, मगर दबंगों ने कुछ समय बाद फिर चकरोड को अपने खेत में मिला लिया है, कई बार प्रार्थना पत्र देने के बाद चकरोड सही नहीं कराया जा रहा है। उनके खेत का रकवा भी कम हो चुका है। लेखपाल कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। उनको जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। 18 अक्टूबर 2023 को उपजिलाधिकारी एवं तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिए है। मगर लेखपाल ने झूठी रिपोर्ट लगाकर मामले का निस्तारण कर दिया है।

## मथुरा के चार शिक्षक लखनऊ में हुए सम्मानित

**मथुरा। राष्ट्रीय** आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में छात्रों की सफलता के लिए उन्हें तैयारी कराने वाले मथुरा जनपद के चार शिक्षकों को लखनऊ में सम्मानित किया गया। शासन द्वारा पत्र जारी कर चारों शिक्षकों को इसके लिए लखनऊ बुलाया था। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में पांच व अधिक छात्रों के चयन वाले विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित करने हेतु उन्हें लखनऊ बुलाया गया था। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा हेतु जनपद मथुरा के नोडल शिवकुमार, एसआरजी मथुरा प्रधानाध्यापक, प्राथमिक विद्यालय तिरवाया, विकास खण्ड राया, सह नोडल बृजेश कुमार, एआरपी फरह, सहायक अध्यापक, उच्च प्राथमिक विद्यालय पिलुआ सादिकपुर ब्लॉक फरह तथा ब्लॉक फरह से ही तेजपाल सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय सनौरा एवं कुमारपाल सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय लुहारा को लखनऊ में 29 अक्टूबर को सम्मानित किया गया।

## शॉपिंग माल से शातिर चोर अनूठे अंदाज में करते थे चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**थाना** गोविंद नगर पुलिस द्वारा रिलायंस स्मार्ट बाजार (शापिंग माल) में चोरी करने वाले अन्तर्जनपदीय पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। कब्जे से चोरी का शत प्रतिशत माल व घटना में प्रयुक्त एक अर्टिगा कार भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक यह एक सु संगठित गैंग है, ये सभी लोग विभिन्न जनपदों में रिलाइन्स के स्मार्ट बाजार (शापिंग माल) में जाकर सामान चोरी करते है तथा घटना में गाड़ी अर्टिका का प्रयोग करते है। गाड़ी की नम्बर प्लेट हटा देते हैं ताकि इन लोगों की नम्बर प्लेट से शिनाख्त नहीं हो सके। इन लोगों द्वारा लगातार भिन्न भिन्न जनपदों में लगातार रिलाइंस के स्मार्ट बाजार को चिन्हित करके चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना गोविंद



नगर ललित भाटी के मुताबिक दिनेश कुमार पुत्र घनश्याम सिंह निवासी मढौरी थाना नहटौर जिला बिजनौर हाल पता मॉडर्न रेलवे सिटी गिरधरपुर सुनारसी थाना बादलपुर जिला गौतमबुद्धनगर, अभिषेक गुप्ता उर्फ रवि पुत्र राजवीर गुप्ता निवासी कैलाश नगर गांधी चौक थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद हाल मॉडर्न रेलवे सिटी गिरधरपुर सुनारसी थाना बादलपुर जिला गौतमबुद्धनगर, रंजन गुप्ता उर्फ बाबू पुत्र राजवीर गुप्ता निवासी कैलाश नगर गांधी चौक थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद, दीपक यादव पुत्र सीताराम यादव निवासी कृष्णा नगर बागू विजयनगर थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद, हर्षित सारस्वत पुत्र धर्मेन्द्र सारस्वत निवासी शंकर विहार कॉलोनी फेस दो चिपियाना बुजुर्ग थाना बिसरख जिला गौतमबुद्धनगर हाल पता मकान किराया एचडी शर्मा न्यू पंचवटी निकट भाटिया मोड़ गाजियाबाद थाना कोतवाली घंटाघर जिला गाजियाबाद को सोमवार को गोकुल रेस्टोरेंट के पास से गिरफ्तार किया गया।

## विश्वबंधुत्व एवं वसुधैव कुटुंबकम के संदेश के साथ निरंकारी संत समागम का हुआ समापन

### सद्गुरु माता सुदीक्षा ने समाज एवं परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए भक्ति करने का दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौरः**

**संत निरंकारी** आध्यात्मिक स्थल में आयोजित तीन दिवसीय 76वें निरंकारी संत समागम का समापन सोमवार को हो गया। समागम के समापन के साथ ही शाम से ही इसमें भाग लेने पहुंचे भक्तों के जाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया। भक्त चेहरे पर सकून व आध्यात्मिकता का भाव लिए निजी व सार्वजनिक वाहनों से अपने घरों की ओर लौटते दिख रहे थे। सद्गुरू माता सुदीक्षा ने भी दोनों हाथ जोड़कर भक्तों का आभार प्रकट किया।

समापन के मौके पर सद्गुरु माता सुदीक्षा ने समागम ने भक्तों को समझाया कि समाज एवं परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए हमें भक्ति करनी है। किंतु इसका अर्थ यह बिलकुल भी नहीं कि हम आंखें मूंद कर चलें। हमें तो सदैव जागरुक एवं चेतन रहकर अपने कर्तव्यों को निभाना है।

हर अनुकूल या प्रतिकूल परिस्थिति में जब हम परमात्मा का शुकराना करते चले जायेंगे तो निश्चित रूप से हमारे अंतर्मन में एक ठहराव आयेगा और हम सुकून भरी जिंदगी व्यतीत कर पायेंगे।इससे पूर्व निरंकारी राजपिता ने अपने विचारों में कहा कि सतगुरु का एक एक भक्त अपने आप में सुकून की परिभाषा होता है। उसका आचरण ही संसार में सुकून पहुंचाने का कार्य करता है। विडंबना यही है कि हम इसे सहज रूप में स्वीकार ही नहीं कर पा रहे हैं। क्योंकि हमारी धारणा यही बन चुकी है कि सुकून जैसी कोई वस्तु है ही नहीं। जब मन में इस तरह की भावना आ जाती है फिर उसकी प्राप्ति एवं उसके अभाव की अनुभूति नहीं रह जाती जिस कारण हम बहुमूल्य दात से प्रायः वंचित रह जाते हैं। जिसके लिए हमें यह मनुष्य तन मिला है। सुकून की प्राप्ति सतगुरु के द्वारा ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर परमसत्य के निरंतर अहसास से ही सम्भव है।

**कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन**

इसके पूर्व समागम स्थल पर देश-विदेश से आए कवियों ने कवि सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें विभिन्न भाषाओं के कविओं ने अपनी रचना के माध्यम से विश्व बंधुत्व का संदेश दिया।

**बाजार की रौनक अब फिर हो जाएगी सामान्य**

समागम से करीब 15 दिन पहले श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था और अब समापन के कुछ दिनों बाद तक वापस जाना जारी रहेगा। करीब एक माह की इस चहल-पहल ने यहां के बाजारों में रौनक ला दी। ठंड होने की वजह से लोगों ने सबसे ज्यादा खरीददारी कम्बलों की करी।

समापन स्थल के निकट व गन्नौर के बाजारों में कंबल खरीदने के लिए भीड़ लगी रहती थी। 15 दिनों तक गन्नौर व मुरथल में ढाबों व होटलों में स्वादिष्ट भोजन खाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। अब समागम के संपन्न होने के बाद बाजारों की रौनक अब फिर सामान्य हो जाएग।

## सीएनबीसी-आवाज ने 14वें रियल एस्टेट अवॉर्ड्स और सम्मेलन के उत्तर क्षेत्र संस्करण को सफलतापूर्वक आयोजित किया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** सीएनबीसी-आवाज ने आरआर काबेल द्वारा प्रस्तुत 14वें सीएनबीसी-आवाज रियल एस्टेट अवार्ड्स और सम्मेलन के उत्तरी क्षेत्र का सफलतापूर्वक समापन किया। आयोजन का उत्तरी क्षेत्र संस्करण 25 अक्टूबर, 2023 को दिल्ली में किया गया। सम्मेलन में, उल्लेखनीय उद्योग जगत के नेता, रियल एस्टेट डेवलपर्स, नीति निमार्ता, विशेषज्ञ और प्रभावशाली व्यक्ति, रियल एस्टेट क्षेत्र के भविष्य को प्रभावित करने वाले नवीनतम रुझानों पर विचार-विमर्श करने और आने वाले वर्षों में इसकी प्रगति में तेजी लाने के लिए रणनीतियों को जानने के लिए एकत्र हुए। इस कार्यक्रम की शुरूआत सीएनबीसी-आवाज और सीएनबीसी बाजार के संपादक अनुज सिंघल के स्वागत भाषण से की गई। उन्होंने कहा, "ये पुरस्कार पिछले 16-17 वर्षों से रियल एस्टेट क्षेत्र में उपलब्धियों को मान्यता देने में आगे रहे हैं। रियल एस्टेट उद्योग हमारे देश के लिए सार्थक महत्व रखते है। एक दशक पहले, रियल एस्टेट क्षेत्र कम अनुकूल प्रतिष्ठा के कारण प्रभावित हुआ था। हालाँकि, पिछले 15 वर्षों में, रियल एस्टेट उद्योग की धारणा में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिला है। आज यहां एकत्र हुए व्यक्तियों ने इस बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इस क्षेत्र को अधिक संगठित और सम्मानित क्षेत्र में विकसित करने में अपना योगदान दिया है।" स्वागत भाषण के बाद आरआर काबेल के प्रबंध निदेशक श्रीगोपाल काबरा का विशेष संबोधन हुआ।

## सफोला सोया विज्ञापन पर अस्थायी निषेधाज्ञा का आदेश पारित

**नोएडा।** इमामी एग्रोटेक लिमिटेड - इमामी समूह की खाद्य तेल और खाद्य शाखा - "इमामी हेल्दी एंड टेस्टी", "एडवांस" और "मंत्रा" ब्रांड नाम के तहत खाना पकाने के तेल, सोया चंक्स और मसालों की एक श्रृंखला के निर्माण, बिक्री और मार्केटिंग में लगी हुई है। कंपनी ने मैरिको लिमिटेड के स्वामित्व वाले ब्रांड सफोला सोया चंक के विज्ञापन दावे के खिलाफ पश्चिम बंगाल में हावड़ा सिविल कोर्ट में अपील की थी। इमामी एग्रोटेक ने तर्क दिया कि मैरिको सफोला सोया का विज्ञापन "भारतबोरशेर्सोब्येयेनारामरसुसाडु सोया") (बंगाली) के रूप में कर रहा है, जिसका अनुवाद भारत में सबसे नरम और स्वादिष्ट सोया है।इमामी एग्रोटेक ने तर्क दिया है कि सफोला का उक्त विज्ञापन न केवल उनके सोया चंक्स बल्कि पूरे भारत में अन्य सोया उत्पादों को गुमराह करने वाला, अपमानजनक और नीचा दिखाने वाला है। इस विज्ञापन ने ब्रांड की छवि को नुकसान पहुंचाया है और बड़े पैमाने पर जनता को गुमराह कर रहा है।

## 'बिना प्रेरणा एप अपलोड किए कोई भी रिपोर्ट मान्य नहीं होगी'

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। प्रेरणा** एप को लेकर जिलाधिकारी ने सभी शिक्षकों को निर्देश जारी किए है जिसमें उनसे हर विद्यालय के निरीक्षण की रिपोर्ट एप के जरिए ही अपलोड करनी होगी। इसके बिना कोई भी रिपोर्ट मानी नहीं जाएगी। निरीक्षण आख्या प्रेरणा एप पर अपलोड किए जाने के बाद ही मान्य होगी। प्राथमिक विद्यालय माधोपुर विकास खंड मथुरा, प्राथमिक विद्यालय दामोदरपुरा विकास खंड मथुरा, न्याय पंचायत स्तरीय प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद, पूर्व माध्यमिक विद्यालय औरंगाबाद, प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद द्वितीय



विकास खंड मथुरा तथा प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन मथुरा तथा स्कूलों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने निरीक्षण कर शिक्षा की गुणवक्ता तथा अन्य विषयक की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया कि शिक्षा विभाग में प्रेरणा एप के प्रयोग के लिए अनिवार्यता बढ़ती जा रही है। शिक्षकों को अपनी मौजूदगी के लिए हर हाल में अब इस एप की मदद लेनी पड़ रही है। नई व्यवस्था में हाजिरी से लेकर निरीक्षण तक सब कुछ प्रेरणा एप के जरिए अपलोड करना है। बिना अपलोड किए कोई भी रिपोर्ट मान्य नहीं होगी। पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंपोजिट स्कूल औरंगाबाद विकास खंड मथुरा का निरीक्षण प्रेरणा एप के माध्यम से किया। उन्होंने विद्यालय में भौतिक व शैक्षणिक स्तर को जांचा व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वहां शैक्षणिक स्तर की जांच करते हुए बच्चों को दी जा रही शिक्षा के संबंध में न केवल अध्यापकों से जानकारी ली बल्कि बच्चों से भी जानकारी ली व उनसे अंग्रेजी, गणित व हिंदी आदि विषयों पर सवाल पूछ कर उनके शैक्षणिक स्तर भी जांचा।

## घर के ताले तोड़कर सोने व डायमंड के गहने चोरी करने वाले अरेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**पानीपत सीआईए** टू पुलिस टीम ने रिफाइनरी टाउनशिप में प्रोडक्शन मैनेजर के घर के ताले तोड़कर सोने व डायमंड के गहने चोरी करने वाले गिरोह के चार आरोपी रायसिंह व अनिल निवासी बागोली जिला धार, गणपत निवासी रंजीतगढ़ जिला अलीरातपुर व दिनेश निवासी भोपवर जिला धार मध्य प्रदेश से 5 दिन के पुलिस रिमांड के दौरान चोरीशुदा गहने व बर्तन बेचकर हासिल की नकदी में से बचे 70 हजार रूपए बरामद किए।

आरोपियों ने चोरी किये चांदी के बर्तन व सोने व डायमंड के गहने 5 लाख रूपए में बेचकर ज्यादातर



पैसे खाने पीने में खर्च कर दिए। रिमांड पूरा होने पर पुलिस ने सोमवार को चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि थाना सदर में पीटीआर गुप्ता निवासी गोल्गाबाधुला जिला यामन पुडुचेरी हाल पानीपत रिफाइनरी टाउनशिप ने शिकायत देकर बताया था कि वह आईओसीएल रिफाइनरी में प्रोडक्शन मैनेजर के पद पर तैनात है। 25 जुलाई की शाम करीब 7:30 बजे वह परिवार सहित इलाज के लिए दिल्ली गया था। पड़ोसी ने फोन कर बताया कि आपके मकान के ताले टुटे हुए है व दरवाजे खुले है। उसने मकान पर पहुंचकर देखा अंदर अलमारी के कपड़े बिखरे हुए पड़े थे। मेज के अंदर बनी दराज भी टुटी हुई थी। सामान चेक करने पर 10 किलो चांदी के बर्तन, सोने का 1 मंगलशुत्र, 2 चेन, 8 जोड़ी झुमके, 3 लोकेट, एक चुड़ी, 4 अंगुठी व हीरे की एक जोड़ी झुमकी, लॉकेट व 50 हजार रूपए कैश व स्कूल, कॉलेज के असल सर्टिफिकेट नही मिले। अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर उक्त गहने, नकदी व सर्टिफिकेट चोरी कर ले गए। शिकायत पर थाना सदर में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई थी। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने मामले की जांच व आरोपियों को पकड़ने की जिम्मेदारी सीआईए टू पुलिस टीम को सौंपी थी। पुलिस टीम आरोपियों की पहचान व पकड़ने के लिए भरसकर प्रयासरत थी। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि सीआईए टू पुलिस टीम 25 अक्तूबर को चारों आरोयों को झज्जर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई पुलिस ने आरोपियों को माननीय न्यायायल में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया था।

## शाह ने उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन कर पूजा अर्चना की

### विधानसभा सीटों के कार्यकर्ताओं से संवाद कर दिया जीत का मंत्र

**टीम एक्शन इंडिया/अबाला**

**पार्टी** को जीत दिलाने का माद्दा रखने वाले भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 28 से 30 अक्तूबर को मध्य प्रदेश के तीन दिन के दौरे पर थे। इस धुआंधार यात्रा के दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ मैराथन बैठकें की। उन्होंने 3 दिन में मध्य प्रदेश के 10 संभागों का दौरा कर सभी 230 विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से संवाद किया। यात्रा के पहले दिन शाह ने जबलपुर में महाराजा शंकर शाह जी व राजकुमार रघुनाथ शाह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उसके बाद उन्होंने छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र में चुनाव जनसभा को संबोधित किया। बाद में वे जबलपुर में एक बैठक में शामिल हुए और भोपाल और नर्मदापुरम क्षेत्रों में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। यात्रा के दूसरे दिन शाह ने भोपाल में राजा भोज को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद उन्होंने सागर, रीवा और शहडोल में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बाद में उन्होंने उज्जैन में महाकाल मंदिर में दर्शन किया। यात्रा के अंतिम दिन यानी 30 अक्टूबर को शाह ने ग्वालियर में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर जीत का मंत्र दिया। छिंदवाड़ा में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि, "मध्य-प्रदेश में गांधी परिवार, कमलनाथ परिवार और दिग्विजय बंटाधार परिवार का बोलबाला है - ये तीन परिवार कॉंग्रेस पार्टी चलाते है और जहां तीन-तिगाड़ा होता है वहां काम बिगड़ जाता है। " कांग्रेस नेता कमल नाथ को आड़े हाथों लेते हुए अमित शाह ने कहा कि," 350 करोड़ का मोजेरबेयर घोटाला, 2400 करोड़ का ऑगस्टा वैस्टलैन्ड घोटाला, 600 करोड़- इफको फर्टिलाइजेर घोटला, 25 हजार करोड़ - किसान कर्ज माफी का घोटाला, 1178 करोड़ - गेहूं बोनस का घोटाला ये सारे घोटाले कमलनाथ से जुड़े हुए हैं, अब वो फिर से मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं।"

# एनसीईआरटी का सार्थक कदम

## संपादकीय

## संवाद का गलियारा कायम रखना जरूरी

**वैश्विक** स्तरपर तृतीय विश्व युद्ध की चाबी रूस- यूक्रेन हमास-इजरायल युद्ध को देखते हुए पूरी दुनियां की नजरे चीन विदेश मंत्री की 26-28 अक्टूबर 2023 तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा पर लगी हुई थी, जिसमें अमेरिका विदेश मंत्री और राष्ट्रपति की मुलाकात का शेड्यूल फिक्स था, इससे दुनियां में कयास लगाए जा रहे थे कि नवंबर 2023 में सेंट फ्रांसिस्को में आयोजित होने वाले एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग मंच (एपीसीईपी) के शिखर सम्मेलन या इसके पूर्व या बाद में अमेरिका चीन राष्ट्रपतियों के बीच एक शिखर वार्ता का रास्ता निकाला जाए ताकि खटास को किनारे करने के रास्ते में आगे बड़ा जाए और विश्व शांति केप्रतीक बने, परंतु इस शिखरवार्ता का सबसे बड़ा बाधक ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन के बीच जारी विवाद है और अभी हमास इजरायल युद्ध में संयुक्त राष्ट्र में पारित युद्ध विराम प्रस्ताव जो 120/ 14 मतों से पारित हुआ है और 45 वोट नहीं पड़े जिसे अमेरिकी सहित मित्र देशों ने विरोध में मत दिया और चीन पाकिस्तान सहित मित्र देशों ने इसके पक्ष में मत दिया, परंतु इजराइल ने इस युद्ध विराम प्रस्ताव को खारिज कर दिया है और 28 अक्टूबर 2023 को देर रात्रि से जमीनी हमले शुरू हो गए हैं चूंकि चीन विदेश मंत्री द्वारा तीन दिवसीय यात्रा समाप्त कर आज दोनों देशों के राष्ट्रपतियों की संभावित शिखरवार्ता की राह आसान नहीं का बयान देकर अमेरिका सहित दुनियां को भौचक का कर दिया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका चीन के बीच कई मुद्दों पर मतभेदों के बावजूद संवाद का गलियारा कायम रखना दोनों देशों के लिए अति फायदेमंद है। साथियों बात अगर हम अमेरिका दौरा पूरा कर चीन विदेश मंत्री के बयान की करें तो, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच संभावित मुलाकात को लेकर चीन की ओर से बड़ा बयान सामने आया है। चीन के इस बयान से अमेरिका भी भौचक्का रह गया है। चीन के विदेश मंत्री का मानना है कि शी चिनफिंग और जो बाइडन की संभावित बैठक की राह आसान नहीं होगी। सकारात्मक नतीजों की उम्मीद भी बेहद कम है। चीनी विदेश मंत्रालय के इस बयान के बाद आगे क्या होगा, इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। मगर तनाव के बीच दोनों ही देशों को अपने रिश्ते सुधारने में फायदा दिख रहा है। चीन के अनुसार नतीजों तक पहुंचने के लिए दोनों पक्षों को मिलकर काम करना होगा। चीन के विदेश मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। चीन के विदेशमंत्री ने अपनी तीन दिवसीय वाशिंगटन यात्रा के दौरान बाइडन के साथ-साथ अमेरिकी विदेशमंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से भी मुलाकात की थी।दोनों पक्ष ने इस दौरान सैन फ्रांसिस्को में नवंबर में आयोजित हो रहे एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग मंच (एपीईसीएफ) के शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बैठक को लेकर काम करने पर सहमति जताई। चीन के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में अमेरिकी रणनीतिक समुदाय के सदस्यों से हुई चर्चा का सारांश दिया गया। वांग ने कहा कि द्विपक्षीय बैठक की राह आसान नहीं होने वाली है और उन्हें इसके होने के लिए स्वतः होने के भाव पर निर्भर नहीं रहना चाहिए।



-आशीष वशिष्ठ

> "वह भी अंग्रेजियत से जुड़ने की कोशिश करता है। इससे जो नुकसान हुआ उसका आकलन करना बेहद कठिन है किंतु समय आ गया है जब शिक्षा, कला, साहित्य और संस्कृति का भारतीयकरण किया जाए। एनसीईआरटी द्वारा इस दिशा में शुरू किए गए प्रयास को व्यापक समर्थन मिलना चाहिए क्योंकि इसका उद्देश्य भावी पीढ़ी के मन में भारतीयता के प्रति आदर का भाव उत्पन्न करना है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि एनसीईआरटी द्वारा अपनी किताबों में देश का नाम इंडिया को जगह भारत लिखने की सिफारिश एक सार्थक कदम है"

**समय-समय** पर राष्ट्रीय शैक्षिक और अनुसंधान परिषद यानी एनसीईआरटी अपने पाठयक्रम में बदलाव करती रही है। जिसके कारण एनसीईआरटी पर कई बार सवाल भी खड़े होते रहे हैं। एनसीईआरटी ने एक बार फिर अपने पाठयक्रम में बदलाव किया है। एनसीईआरटी द्वारा अपनी किताबों में देश का नाम इंडिया को जगह भारत लिखने की सिफारिश की है। एनसीईआरटी पैनल के सभी एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों में इंडिया को भारत से बदलने के प्रस्ताव को इसके सदस्यों से सर्वसम्मति से मंजूरी मिल गई है। ऐसे में जल्द ही एनसीईआरटी कि किताबों में इंडिया की जगह भारत लिखा नजर आ सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इंडिया के अलावा एंशिएंट हिस्ट्री की जगह किताबों में क्लासिकल हिस्ट्री को भी शामिल किए जाने की संभावनाएं हैं। साथ ही समिति ने हिंदू योद्धाओं की बीरगाथाओं को भी किताब का हिस्सा बनाने का सुझाव दिया है। वास्तव में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठ्यक्रम में विषयों के नाम बदलने की प्रक्रिया चल रही है। विशेषज्ञों के साथ ही राज्यों से भी इस बारे में राय ली गई है जिनमें से कुछ ने बदलाव के प्रति असहमति व्यक्त की है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने कश्मीरी पंडितों के नरसंहार जैसी घटनाओं को पाठ्यक्रम में रखे जाने की पिछली सरकार की सिफारिश वापस ले ली। वहीं अनेक गैर भाजपा शासित राज्य सरकारें अंधविश्वास से बचने की पक्षधर हैं तो कुछ संतुलन बनाए रखने की हिमायती हैं। एनसीईआरटी पैनल की सिफारिश उस वक्त की गई है, जब सियासी हलको में इंडिया नाम को बदलकर भारत रखने पर राजनीतिक चचाएं जोरों पर हैं। इंडिया से बदलकर भारत नाम रखे जाने की सुगबुगाहट बीते महीने सितंबर में तब शुरू हुई जब जी20 के आयोजन के दौरान भारत की राष्ट्रपति के नाम से भेजे गए निमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की बजाए प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया था। एनसीईआरटी के इस कदम से देष में फिर एक बार इंडिया बनाम भारत का विमर्ष षुरू हो गया है। एक वर्ग इस बहस को औचित्यहीन मानता है तो वहीं दूसरा तबका इस कदम का स्वागत कर रहा है। इस पक्ष का यह कहना है कि यह काम बहुत पहले हो जाना चाहिए था। पूर्व की सरकारें ऐसा नहीं कर पाई बीजेपी की



सरकार ने इसे करने का बीड़ा उठाया है। एनसीईआरटी के निर्णय का स्वागत और समर्थन करने वालों का यह भी कहना है कि इंडिया और भारत से किसी को कोई आपत्ति नहीं होना चाहिए संविधान में दोनों शब्दों का इस्तेमाल किया गया है लेकिन ब्रिटिशों द्वारा दिया गया नाम अगर बदल गया है तो इसमें किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इंडिया की जगह भारत बहुत पहले कर देना चाहिए था लेकिन यह नहीं हुआ अब हुआ है इसका इसलिए हम स्वागत करते हैं।। इसमें दो राय नहीं हैं कि पाठ्यक्रम की वस्तु का धर्मनिरपेक्षता के पैरोकारों ने जमकर सत्यानाश किया। दूसरा नुकसान अंग्रेजियत में डूबे तबके के हाथों हुआ। दुर्भाग्य से आजादी के बाद कम्युनिस्ट विचारधारा के चुनिन्दा लोग शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में घुस आए जिन्हें जवाहर लाल नेहरू ने प्रोत्साहित किया जो खुद सोवियत संघ की साम्यवादी क्रांति से प्रभावित थे। इसके अलावा विदेशों में शिक्षित लोग शिक्षा-शास्त्री बनकर सिस्टम में बैठ गए और ज्ञान विज्ञान का सारा श्रेय पश्चिम को देते हुए अंग्रेजी को प्रगतिशीलता की निशानी बना दिया। इस वजह से भारत के इतिहास, पौराणिक ग्रंथों, महानायकों और उपलब्धियों पर उपेक्षा की धूल डाली जाती रही। भारत के महान साहित्यकारों, कलाकारों और उनकी कलाओं को नजरंदाज किया जाने लगा। देश के लिए अपना सर्वस्व दांव पर लगाने वाले महाराणा प्रताप की बजाय अकबर को महान बताया जाने लगा। गुलाम मानसिकता के प्रतीक चिन्ह मार्ग देश की राजधानी में बाबर हुमायूँ औरंगजेब के नाम पर बनाए गए। प्रशासन में भी भारतीय संस्कृति को पिछड़ेपन से जोड़कर देखने वाले कथित आधुनिक भर गए। वर्तमान दुर्दशा की सबसे बडी वजह षिक्षा व्यवस्था और पाठयक्रम ही है जिसने हमारे इतिहास और संस्कृति के गौरवशाली पक्ष पर परदा डालते हुए निराशाजनक पहलुओं को उभारने का प्रयास किया। सल 2014 में केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद नई शिक्षा नीति पर काम शुरू हुआ और अब जाकर पाठ्यक्रम में सकारात्मक बदलाव और सुधार किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रही है। प्राचीन ग्रंथों पर तमेमंतबी ूवता को यदि प्रोत्साहन और संरक्षण दिया गया होता तो युवा पीढ़ी को पश्चिम से प्रभावित होने से रोका जा सकता था। लेकिन ब्रेन ड्रेन का जो सिलसिला आजादी के बाद शुरू हुआ उसे रोकने के लिए सार्थक प्रयास कभी हुए ही नहीं क्योंकि हमारे नीति नियंता भारतीयता को लेकर हीन भावना से ग्रसित रहे। उस दृष्टि से एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम और पुस्तकों का भारतीयकरण किया जाना 21 वीं सदी को भारत के नाम लिखने के लिए बहुत जरूरी है। हजारों साल पहले भारत में विज्ञान और तकनीक का जो विकास हुआ वह उन मंदिरों में देखा जा सकता है जिनकी अभी तक उपेक्षा होती रही। आजकल भारत की प्राचीन स्थापत्य और वास्तु कला के सैकड़ों ऐसे स्मारकों की जानकारी आ रही है जिनके सामने ताजमहल तुच्छ है। उनके निर्माण में जिस इन्जीनियरिंग कौशल और खगोलीय ज्ञान का उपयोग किया गया उसे देखकर पश्चिम के वैज्ञानिक भौचक रह जाते हैं किंतु हमारे देश में मुगल इतिहास और वामपंथी विचारधारा से प्रभावित शिक्षा शास्त्रियों को वह सब महत्वहीन प्रतीत होता है।

हमारे पौराणिक ग्रंथों में जिन प्रसंगों का विवरण है उनका समुचित अध्ययन कर ईमानदारी से तमेमंतबी की जाए तो ये साबित किया जा सकता है कि आज पश्चिम जिन बातों के आधार पर खुद को श्रेष्ठ समझता है वे सब भारतीय ज्ञान परंपरा का अभिन्न अंग रहीं। लेकिन कालांतर में राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के कारण राष्ट्र के व्यापक हितों को उपेक्षित किए जाने से हमारी सीमाएं असुरक्षित हुई जिससे विदेशी लुटेरों के हमले होने लगे जो भारत की संपन्नता के किस्से सुनकर लूटपाट करने आते और लौट जाते। धीरे- धीरे उन्हें लगा कि यहां के शासक संकीर्ण मानसिकता के शिकार हैं जिसने उनको बार-बार आने के अवसर दिए।अंततः वे यहां राज करने के इरादे पाल बैठे जिससे सैकड़ों वर्षों के लिए गुलामी ने हमें जकड़ लिया। उसी का दुष्परिणाम प्राचीन ज्ञान विज्ञान, कला और संस्कृति पर विदेशी प्रभाव के रूप में देखा जा सकता है। सन् 1193 में बख्तियार खिलजी नामक एक मुस्लिम आक्रांता ने नालंदा के पुस्तकालय को आग के हवाले कर दिया ताकि हमारी समूची ज्ञान संपदा भस्म हो जाए। इसी तरह मुस्लिम शासकों ने ऐतिहासिक मंदिरों एवं सांस्कृतिक केंद्रों को ध्वस्त किया जिससे भारत को धार्मिक सांस्कृतिक जड़ें नष्ट हो जाएं। अंग्रेजों ने तोड़ फोड़ तो नहीं की किंतु हमारे अभिजात्य वर्ग में भारतीयता के प्रति हीन भावना का बीजारोपण जरूर कर दिया जिसका असर अभी भी स्पष्ट नजर आता है। लिख पढ़ नहीं सकता वह भी अंग्रेजियत से जुड़ने की कोशिश करता है। इससे जो नुकसान हुआ उसका आकलन करना बेहद कठिन है किंतु समय आ गया है जब शिक्षा, कला, साहित्य और संस्कृति का भारतीयकरण किया जाए। एनसीईआरटी द्वारा इस दिशा में शुरू किए गए प्रयास को व्यापक समर्थन मिलना चाहिए क्योंकि इसका उद्देश्य भावी पीढ़ी के मन में भारतीयता के प्रति आदर का भाव उत्पन्न करना है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि एनसीईआरटी द्वारा अपनी किताबों में देश का नाम इंडिया को जगह भारत लिखने की सिफारिश एक सार्थक कदम है।

## कविता

### कोई कविता नहीं लिखता

सड़क के लिए?
सड़क बेचारी
कभी सुनसान, कभी बियाबान
कभी पथरीले, कभी कटीले,
भीड़ के हादसे को सहते,
मशीनी हाथियों का सैलाब
दर्द सहती, गुमसुम
चलती जाती है,
दर्द की अभिव्यक्ति
किससे कहें, किसकी सुने,
नियति उसकी दर्द झेलना ही है,
किसी को उसके दर्द से क्या दर्द,
हां कभी कोई लहूलुहान,
वक्त का मारा,
हादसों का शिकार
लग कर गले,
बहा जाता है रक्त
और दर्द के दो आंसू
एक अपने लिए और
एक शायद उसी की तरह
जीती और दर्द भोगती
सड़क के लिए,
वह घायल पथिक जानता है
इसका अपना कोई सगा नहीं,
इसे चलते जाना है
सिर्फ चलते जाना है,
सड़क की कोई आत्मा

संजीव

## एकता की मिसाल, वल्लभ भाई बेमिसाल

**योगेश कुमार गोयल**

**गुजरात के** खेड़ा जिले के नाडियाड में 31 अक्टूबर, 1875 को किसान परिवार में जन्मे सरदार वल्लभ भाई पटेल को एकता की मिसाल कहा जाता है। देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार पटेल ने राष्ट्र की एकता को सर्वोपरि मानते हुए देश को एकजुट करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर मजबूत और एकीकृत भारत के निर्माण में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। जिस समय देश आजाद हुआ, तब वह कई छोटी-छोटी रियासतों में बंटा था, जिन्हें एकजुट करना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य था। आजाद भारत को एकजुट करने का श्रेय पटेल की राजनीतिक और कूटनीतिक क्षमता को ही दिया जाता है। भारत के राजनीतिक एकीकरण के लिए सरदार पटेल के इसी अविस्मरणीय योगदान को चिरस्थायी बनाए रखने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 31 अक्टूबर, 2014 से उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की गई थी। तभी से सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को ह्यराष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश की आजादी के उपरांत 500 से भी ज्यादा देशी रियासतों का एकीकरण किया जाना सबसे बड़ी समस्या थी। दरअसल अंग्रेज भारत से जाते-जाते कुटिल चाल चलते हुए करीब 550 देशी रियासतों को खुद ही अपने भविष्य के निर्णय का अधिकार दे गए थे। उसके पीछे उनका उद्देश्य था कि इतनी बड़ी संख्या में रियासतों के स्वायत्त रहते भारत के लिए स्वयं को एकजुट रख पाना बेहद मुश्किल होगा। सरदार पटेल ने अपने ह्यलौहपुरुषह्न व्यक्तित्व का परिचय देते हुए इस गंभीर चुनौती को न केवल स्वीकार किया बल्कि बहुत ही कम समय में बड़ी कुशलता से इतनी सारी रियासतों के एकीकरण का कार्य सम्पन्न कराने में सफल भी हुए। उन्होंने आजादी के ठीक पहले पीवी मेनन के साथ मिलकर कई देशी रियासतों को भारत में मिलाने का कार्य आरंभ कर दिया था। उस समय देशभर में सैकड़ों ऐसी देशी रियासतें थी, जो स्वयं में सम्प्रभुत्ता प्राप्त थी, जिनका अपना अलग झंडा और अलग शासक था। दोनों ने देशी रियासतों के शासकों को समझाया कि उन्हें स्वायत्तता देना संभव नहीं होगा। इसका असर यह हुआ कि केवल तीन रियासतों को छोड़कर बाकी सभी रियासतों-राजवाडों ने अपनी मर्जी से भारत में विलय का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। हैदराबाद के निजाम ने जब भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण कराया। बहुत विरोध होने पर जूनागढ़ का नवाब भागकर पाकिस्तान चला गया और तब जूनागढ़ भारत में मिला लिया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत की विभिन्न बिखरी हुई रियासतों और भू-भागों के एकीकरण में सरदार पटेल के उल्लेखनीय योगदान के कारण ही उन्हें भारत का बिस्मार्क (जर्मन साम्राज्य का प्रथम चांसलर) भी कहा जाता है।

## विचार

## दीपावली पर नेता चुनाओं में व्यस्त, जनता महंगाई की मार से पस्त

इस साल की दीपावली पर महंगाई का असर साफ दिखने लगा है। महंगाई ऐसी कि अन्य सामान की कीमत के साथ ही सब्जी की कीमतें भी आसमान छू रही हैं। स्थिति यहां तक पहुंच गयी है कि एक किलो सब्जी खरीदने वाला व्यक्ति अब पाव व ग्राम में सब्जी खरीदने को विवश हो गया है। बाजार में हर तरह की हरी सब्जी 40 रुपये प्रति किलो से कम नहीं है। टमाटर साठ रुपये प्रति किलो तो प्याज 100 रुपये के आंकड़े को पार कर गया। परवल व गोभी की कीमत भी 80 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गयी है। ऐसे में गृहणियों के किचेन का बजट गड़बड़ा गया है। जनता किससे शिकायत करें । हार छोटा बड़ा नेता चुनाओं में व्यस्त है। महज एक साल पहले तक जो आटा 25 से 28 रुपये किलो मिल रहा था, वह अब 35 से 50 रुपये तक मिल रहा है। मेट्रों सिटीज में कई जगह रेट 50 को भी पार कर गए हैं। मीडियम कवालिटी का चावल भी 40 से 48 रुपये पर जा पहुंचा है। बढ़ती महंगाई निम्न आय वर्ग के लोगों (आम आदमी) की आर्थिक कमर तोड़ने लगी है अब इसकी मार डीजल पेट्रोल और रसोई गैस को छूते हुए, अब जनता की थाली तक पहुंच गई है। आलम यह है कि दालों-सब्जियों और मसालों के बाद अब आटा भी गीला हो गया है। मेट्रों सिटीज की बात करें तो आटा करीब 40 फीसदी मंहगा हो गया है, जबकि चावल के दामों में 20 प्रतिशत का तगड़ा उछाल है। इससे थाली की रोटी तो महंगी हुई ही, साथ में आटे से बनने वाली दूसरी चीजों बिस्कुट, ब्रेड वगैरह भी महंगी हो गई है या फिर उनके साइज छोटे हो जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी के दुकानदारों का दावा है कि पिछले तीन महीनों में दाल, चावल और आटे की कीमतें भी 30 से 40 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तुअर दाल फिलहाल 180 से 190 रुपये प्रति किलो है। एक माह पहले यह 150 से 160 रुपये किलो बिक रही थी। अरहर दाल जो 150 रुपये प्रति किलो थी, अब 190 रुपये प्रति किलो बिक रही चना दाल वर्तमान में 190 रुपये प्रति किलोग्राम पर उपलब्ध है और तीन महीने पहले यह 150 रुपये प्रति किलोग्राम पर भी उपलब्ध थी। मसालों में जीरे की कीमत में सबसे ज्यादा 40 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जीरा तीन महीने पहले 45 रुपये का 100 ग्राम बिक रहा था, अब दोगुना होकर 90 रुपये का हो गया है। लाल मिर्च लोगों के आंसू निकाल रही है। कुल मिलाकर महंगाई की मार से लोग परेशान हैं और उनके घर का बजट बिगड़ गया है। कई लोगों को लगता है कि शहरी क्षेत्र होने की वजह से महंगाई सबसे ज्यादा मेट्रों सिटीज में ही है, लेकिन ऐसी बात नहीं है। कृषि प्रधान राज्य उत्तर प्रदेश में भी आम जनता महंगाई से त्रस्त है। यहां पर भी हरी सब्जियों से लेकर खाने- पीने की अधिकांश चीजें महंगी हो गई हैं। अरहर दाल 150 रुपये किलो बिक रही है, जबकि पहले इसकी कीमत 110 से 120 रुपये थी। प्याज लहसुन की कीमत में भी बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अभी लहसुन 180 रुपये किलो बिक रहा है तो प्याज 25 रुपए किलो बिक रहा है। जबकि, एक किलो लाल मिर्च की कीमत 280 से 320 रुपये तक जा पहुंची है। आज महंगाई की मार से आम जनता परेशान होती नजर आ रही है। इस पर अब सब्जियों के दामों में उछाल ने आम लोगों का खाना-पीना तक मुश्किल कर दिया है। कुछ यही हाल पूरे देश का हैं । सब्जियों के दाम आसमान पर हैं, इस पर टमाटर, हरा धनिया और अदरक जैसी रोजाना काम आने वाली सब्जियां महिलाओं ने खरीदना ही बंद कर दिया है। टमाटर 160 रु। पर इठलाता नजर आ रहा है, तो जैसे अदरक 280 रुपए की होकर टमाटर को मुंह चिढ़ा रही है। महिलाओं का कहना है कि सब्जियां इतनी महंगी हो चली हैं कि अब उनकी तरफ देखकर ही तसल्ली कर रही हैं। वहीं उन्होंने सब्जियां बनाना कम कर दिया है।तकरीबन पूरे देश का यही हाल है। टमाटर ने महंगाई की मार झेल रही देश की जनता को एक और झटका लगता दिख रहा है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546

फैक्स - (011) 27677673

प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज

9999889104, 9250706656

**ई-मेल : actionindianews@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## अदम्य जिजीविषा की परिणति

**संजीव**

**श्रेष्ठ हो**ने के प्रमुख अवयव' "पराधीन सपने हूं सुख नाही"यह लोकोक्ति हर स्वाभिमानी आदमी और स्वतंत्रता प्रेमी व्यक्ति को याद रहती है। स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बढ़ने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है ।एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है। भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि "एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहीं",पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के बाद से 75 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे से डूब गया है और अपने देश में खर्चा चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है। पाकिस्तान आत्मनिर्भर नहीं होने का एवं उधार की जिंदगी जीने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जबकि भारत देश विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस,इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज,स्पेस रिसर्च में पूर्णता आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि किसी भी महान लेखक को महान बनने तक निरंतर मेहनत कर किताबें लिखने का का श्रम करना पड़ा एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति में विचार कर अपने विचारों को लिपिबद्ध करना पड़ा तब जाकर वह महानता की श्रेणी को प्राप्त कर सका।

## नागनाथ या साँपनाथ

**डॉ. सुरेश**

चुनावी दिनों में पत्रकार माइक लिए लोगों के मुँह में घुसे रहते हैं। लोग हैं कि सरकार से रूठे रहते हैं। पाँचवां सवाल आया कि नहीं जनता बहू और सरकार सास बनी एक-दूसरे से मुंह फुलाए रहती हैं। जनता सरकार से जवाब की तलाश में अपनी जरूरतों को सवालों के रूप में लिए आँखें बिछाए रहती है।

ऐसे में कोई पत्रकार सवाल पूछ ले तब तो इनका माथा और ठनक जाता है। आजकल टी.वी. स्टूडियो में भौंकने भर से टीआरपी बढ़ाने वाले लोगों के बीच आ जाएँ तो इससे बढ़िया बात और क्या हो सकती है। ऐसे ही दिनों में एक बार एक पत्रकार ने चुनावी नब्ज और रुझान टटोलने के लिए एक बंदे से सवाल करने लगा झ मान लीजिए यदि दो दलों के दोनों कैंडिडेट रुपए देते हैं, तो आप किसे वोट देंगे? इस पर बंदे ने मुस्कुराकर कहा - कमाल करते हो। यह भी कोई पूछने वाली बात है। जो सबसे ज्यादा देगा मैं उसी को वोट दूँगा। पत्रकार ने एक और सवाल किया झ मान लीजिए दो के बदले तीन कैंडिडेट खड़े हों तब किसे वोट दोगे? इस पर बंदे ने मुस्कुराकर कहा - बहुत सिंपल है। भाई जो ज्यादा देगा मैं उसी को वोट दूँगा। पत्रकार ने इस बार चालाकी भरा सवाल किया झ मान लीजिए दस कैंडिडेट खड़े हैं। सभी एक समान राशि देता है, तब आप क्या करेंगे? बंदे ने हल्के से पत्रकार के कान में कहा - कोई बेवकूफ ही होगा जो वोट देने के बारे में सोचेगा। इतना पैसा मिलने पर मैं तो सैर सपाटे पर निकल जाऊँगा।

पत्रकार की हँसी छूट रही थी। जैसे-तैसे उसने खुद को संभाला। उसने पूछा झ बिना वोट दिए यह कैसे संभव है?

बंदे ने कहा - पिछले कई चुनावों से मैंने वोट नहीं दिया। फिर भी मेरा वोट कोई न कोई डाल ही देता है। इस तरह सैर सपाटा और वोट दोनों हो जाता है। पत्रकार ने अंतिम सवाल पूछा झ क्या ऐसा करने से आपको कभी नहीं लगा कि आपका वोट गलत कैंडिडेट को पड़ गया?

बंदे ने कहा - वोट इसे मिले या उसे क्या फर्क पड़ता है। कोई नागनाथ है तो कोई साँपनाथ।

## न्यूज फ्लैश

### गांव दरड़ में लगाया गया आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा चिकित्सा कैम्प

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**महानिदेशक आयुष** हरियाणा डॉ. साकेत कुमार के निदेर्शानुसार तथा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल के मार्गदर्शन में आज राजकीय आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी दरड में आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा चिकित्सा कैम्प लगाया गया।

आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजरानी ने कहा कि इन कैंप के माध्यम से आयुष विभाग आमजन को पारंपरिक आयुष पद्धतियों के प्रति जागरूक कर रहा हैद्ध हमारे चारों ओर औषद्धियां उगी हुई हैं, लेकिन जागरूकता के अभाव मे हम उन्हें खरपतवार मानते हैं। इस बहुमूल्य खजाने को सहेजने की जरूरत है।

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर सतपाल ने लोगों को बताया कि हमें ऋतु अनुसार दिनचर्या, स्वस्थवृत का पालन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मौसम के बदलाव के कारण होने वाले कास, श्वास, प्रतिशाय में हल्का गरम पानी, तुलसी, इलायची, लौंग, कालीमिर्च, दालचीनी, अजवाइन, सोंठ, जीरा आदि का काढ़ा बनाकर दिन में 2 से 3 बार लेने से रोग का निवारण होता है। शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए चयवनप्राश का सेवन करना चाहिए।उन्होंने बताया कि हमारा पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की जरुरत है। डॉ. राज रानी ने बताया कि इस आयुर्वेदिक जांच शिविर में 190 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा शरद ऋतू की बीमारियों के बारे में बताया गया।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# 'मनुष्य संसार के मायाजाल में फंस जाता है'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**श्री खाटू** श्याम कीर्तन मंडल करनाल की तरफ से श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन आज सेक्टर 12 में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विश्व विख्यात कथा वाचक पूज्य जया किशोरी जी अपने मुखारविंद से कथा करेंगी। आज भागवद् कथा का शुभ आरम्भ से पूर्व कलश यात्रा एवं निशान यात्रा रामलीला ग्राउंड से शुरू होकर रेलवे रोड, कर्ण गेट, कुंजपुरा रोड से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची। श्री खाटू श्याम कीर्तन मंडल के सभी सदस्यों ने निशान उठाया और श्याम बाबा का गुणगान करते हुए झूमते हुए निकले। करनाल की महापौर मेयर रेनू बाला गुप्ता ने भी कलश उठाया। वहीं महिलाओं द्वारा कलश यात्रा में भी बाबा का जयकार के घोष करती नजर आयी। आज की कथा के प्रथम दिन मुख्य यजमान के रूप में अंकुर गुप्ता, अक्षत गुप्ता, आशीष गुप्ता, प्रणव गुप्ता, महेश गुप्ता, आकाश गुप्ता, नितीश गोयल, विपिन गुप्ता, शुभम गुप्ता रहे।

आज कथा वाचक जया किशोरी जी ने व्यास पीठ को नमन किया। सभी आयोजन कताओं को बधाई दी। कथा की शुरूआत में जय राधे जय राधे राधे जय श्री राधे से की तत्पश्चात भागवत के प्रथम श्लोक का उच्चारण कर श्रीमद् भागवत कथा का प्रारम्भ किया। उसके बाद जय किशोरी ने बताया कि इस लोक में



मानव जीवन प्राप्त करने के बाद श्रीमद भागवत कथा श्रवण बड़ा दुर्लभ है, क्योंकि हमारे करोडों-करोडों पुण्यों के बाद ही हमें भागवत कथा सुनने का मौका मिलता है। जो हमें चिंतामणि नहीं दे सकती, कल्पवृक्ष नहीं दे सकता, वो हमें गुरु की कृपा दे सकती है। गुरु का एक वाक्य हमें सर्व सुख प्राप्त करा सकता है। उन्होंने कहा कि इस संसार का सबसे बड़ा डर मृत्यु है, क्यूंकि एक बार अगर मृत्यु हो गयी तो फिर मानव जीवन मिलना दुर्लभ है। एक बार राजा परीक्षित आखेट हेतु वन में गये। वन्य पशुओं के पीछे दौडने के कारण वे प्यास से व्याकुल हो गये तथा जलाशय की खोज में इधर उधर घूमते घूमते वे श्रृंगी ऋषि के आश्रम में पहुँच गये। वहाँ पर शमीक ऋषि नेत्र बंद किये हुये तथा शान्तभाव से एकासन पर बैठे हुये ब्रह्मध्यान में लीन थे। राजा परीक्षित ने उनसे जल माँगा किन्तु ध्यानमग्न होने के कारण शमीक ऋषि ने कुछ भी उत्तर नहीं दिया। सिर पर स्वर्ण मुकुट पर निवास करते हुये कलियुग के प्रभाव से राजा परीक्षित को प्रतीत हुआ कि यह ऋषि ध्यानस्थ होने का ढोंग कर के मेरा अपमान कर रहा है। उन्हें ऋषि पर बहुत क्रोध आया।

उन्होंने अपने अपमान का बदला लेने के उद्देश्य से पास ही पड़े हुये एक मृत सर्प को अपने धनुष की नोंक से उठा कर ऋषि के गले में डाल दिया और अपने नगर वापस आ गये। महायोगेश्वर श्री शुकदेव जी बोले-हे राजा परीक्षित! एक राजा होने के नाते तुम अपने कल्याण के साथ ही साथ सभी के कल्याण की चिन्ता रहती है, इसीलिए तुमने यह अति उत्तम प्रश्न किया है। इससे तुम्हारे कल्याण के साथ ही साथ दूसरों का भी कल्याण अवश्य ही होगा।

कथावाचक जया किशोरी जी ने कहा कि मनुष्य जन्म लेने के पश्चात संसार के मायाजाल में फंस जाता है और उसे मनुष्य योनि का वास्तविक लाभ प्राप्त नहीं हो पाता। उसका दिन काम धंधों में और रात नींद तथा स्त्री प्रसंग में बीत जाता है। इसी के साथ आज का प्रसंग समापन हुआ। आज की कथा में श्री खाटू श्याम कीर्तन मंडल के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## टूटी सड़क की मरम्मत 15 दिन में: ईश्वर वर्मा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**स्मार्ट** सिटी मिशन के एसडीओ ईश्वर वर्मा के अनुसार यहां नमस्ते चौक से घोघड़ीपुर रेलवेब्रिज तक 4 करोड़ 86 लाख की लागत से बनी सडक का अधिकांश हिस्सा सही हालत में है। एकाध जगह जरूर छोटा-सा हिस्सा टूटा हुआ है, जिसकी मरम्मत पखवाड़े के भीतर करवा दी जाएगी। तीन साल तक मरम्मत कराने की जिम्मेदारी सडक निर्माण करने वाले ठेकेदार की है। एसडीओ ने बताया कि सडक का अधिकांश हिस्सा ठीक है और ट्रैफिक के लिये दुरूस्त है। सडक का एक छोटा-सा हिस्सा



जरूर एक-दो जगह टूटा हुआ है। उसकी मरम्मत के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दे दिये गये हैं। डिफैक्ट लाइबिलिटी पिरियड के तहत ठेकेदार को तीन वर्ष तक अपने खर्चे पर मरम्मत का कार्य करना होता है।

उन्होंने बताया कि नमस्ते चौक के पास टूटी सडक का बाकी हिस्सा नगर निगम के तहत आता है।

## एनडीपीएस एक्ट को लेकर हुआ कार्यशाला का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**हरियाणा राज्य** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, मुख्यालय मधुबन के मीटिंग हाल में हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख ओपी सिंह के कुशल मार्ग निर्देशन, दिशा निदेर्शों एवं पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, निकिता खट्टर एवं अनिल कुमार के कुशल नेतृत्व में एनडीपीएस एक्ट बारे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान उप पुलिस अधीक्षक एवं कोर्स डायरेक्टर राज कुमार रंगा, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सतीश वत्स, उप पुलिस अधीक्षक, हरियाणा राज्य



नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो करनाल, महिपाल सिंह (जिला न्यायवादी) एवं हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो समस्त ईकाई के सिपाही, मुख्य सिपाही शामिल हुए।

इस अवसर पर बोलते हुए हरियाणा नार्कोटिक्स उप पुलिस अधीक्षक राज कुमार रंगा, सतीश वत्स एवं महिपाल सिंह एवं विशेषज्ञों द्वारा सभी को एनडीपीएस एक्ट, नशा तस्करों की अवैध संपत्ति अटैच बारे, गवाही बारे व केस से संबंधित प्रक्रिया को बारीकी से समझाया गया। इसके अतिरिक्त मुकदमा अनुसंधान में उनके महत्व बारे जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त सभी पुलिस कर्मचारियों को उप पुलिस अधीक्षक द्वारा पूरी मेहनत व लगन से अनुशासन में रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। अपने कार्यों को नए जोश के साथ बखूबी निभाना चाहिए।

इस कार्यक्रम में संपूर्ण हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो युनिट से 39 सिपाही, मुख्य सिपाही ने भाग लिया। इनको एनडीपीएस एक्ट की शुरूआत से लेकर अंत तक की प्रक्रिया को समझाया गया व अभियोग को सफल बनाने की विस्तृत जानकारी दी गई।

## सेक्टर 12 योग कक्षा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**मेरा** मिशन स्वस्थ भारत के तत्वाधान में संचालित फव्वारा पार्क सेक्टर 12 योग कक्षा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मिशन के प्रमुख योग गुरु दिनेश गुलाटी ने कक्षा में 6 से 20 अक्टूबर तक आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। विभिन्न श्रेणियां के अंतर्गत इस प्रतियोगिता में सभी योग साधकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। योग शिक्षिका निधि गुप्ता ने विजेताओं के नाम घोषित किए



और उन्हें आर के ज्वैलर्स की तरफ से इनाम दिए।

प्रतियोगिता में नियमित, समयबद्ध और ड्रेस अप श्रेणी के लिए राम चटानी को ऑल इन ऑल विजेता चुना गया। अमर सिंह नियमित साधक प्रतियोगिता श्रेणी में सबसे आगे रहे। वजन घटाओ प्रतियोगिता में नीलम शर्मा को विजेता रही।

## सड़क हादसे में घायल हुए युवक की बाईक ले कर भागे चोर

**गन्नौर:** जीटी रोड पर ईडन ग्रीन के निकट सड़क हादसे में घायल हुए युवक की मोटरसाइकिल को चोर ले कर भाग गए। घायल के स्वजन जब मोटरसाइकिल लेने पहुंचे तो उन्हें मोटरसाइकिल चोरी होने का पता चला। घायल युवक के पिता ने मोटरसाइकिल चोरी की शिकायत बड़ी थाना में दी। शिकायत में दातौली निवासी जय कुवार ने बताया कि 24 अक्टूबर को उसका बेटा विक्की मोटरसाइकिल पर बडी औद्योगिक क्षेत्र में ड्यूटी करने जा रहा था। जब वह जीटी रोड पर ईडन ग्रीन के निकट पहुंचा तो उसकी मोटरसाइकिल के सामने अचानक एक गोवंश आ गया।

## अंत्योदय महासम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण की ओर



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**दो नवंबर** को यहां सेक्टर चार में आयोजित किये जाने वाले अंत्योदय महासम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण की ओर बढ़ रही हैं। शैड (जर्मन हैंगर टेंट) तैयार करने के बाद अब उसमें कुर्सियां बिछाई जा रही हैं। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से पीने के पानी के लिये 1200 कैंपर्स की व्यवस्था की गई है। आठ वीआईपी और 31 मोबाइल शौचालयों (प्रत्येक में दस सीटें) का बंदोबस्त किया गया है। जरूरत पडने पर अलग से पानी के टैंकरों का भी इंतजाम किया गया है।

उपायुक्त अनीश यादव, एसपी शशांक कुमार सावन के अलावा विभिन्न विभागों के मुखिया रोजाना सम्मेलन स्थल का दौरा कर प्रबंधों को लेकर निर्देश दे रहे हैं।

मुख्य मंच के साथ एक सांस्कृतिक मंच और एक तरफ वीआईपी के लिये मंच तैयार किया जा रहा है। मीडिया के लिये अलग से गैलरी बनाई गई है। इसके अलावा अलग से मीडिया सेंटर स्थापित किया गया है, जिसमें तीन प्लाजमा टीवी और इंटरनेट की सुविधा सहित 20 कंप्यूटर उपलब्ध रहेंगे। उच्च गुणवत्ता वाला साउंड सिस्टम लगाया जा रहा है। सांस्कृतिक मंच पर चोटी के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

मुख्य अतिथि के प्रवेश द्वार को सजाया जा रहा है। इस द्वार के साथ ही वीआईपी के बैठने के लिये लाँज बनाया जा रहा है। सम्मेलन में रोशनी के लिये सैंकड़ों लाईट लगाई गई हैं। 250 से अधिक पंखे लगाये जा चुके हैं। जनरेटरों की अलग से व्यवस्था की गई है। स्थल के आसपास के हर गड्ढे को मिट्टी से भरकर समतल किया जा रहा है। लोगों को वाहन खड़ा करने में कोई दिक्कत न हो इसके लिये पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था की गई है। लोक संपर्क विभाग द्वारा बड़ी संख्या में अलग-अलग आकार के होर्डिंग्स लगाये जा रहे हैं। सूचना, जन सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग की ओर से एक प्रदर्शनी लगाई जायेगी जिसमें सरकार की 9 साल की उपलब्धियों को दशार्या जायेगा। आसपास की सडकों को चकाचक किया जा रहा है। शैड के नीचे कुर्सियों पर बैठने के लिये अलग-अलग ब्लॉक तैयार किये गये हैं।

## नैशनल मेन्टोरशिप अवार्ड से सम्मानित हुई देश की महान शख्सियतें

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एंव ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा लीडरशिप डेवलपमेंट सेमिनार एवं नैशनल मेन्टोरशिप अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन ज्वेल्स होटल में किया गया। समारोह में फिल्म अभिनेता विन्दु दारा सिंह एवं अभिनेत्री रितु शिवपुरी ने सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. रणजोध सिंह ने की एवं राष्ट्रीय संयोजक हरीश चंद्रा व मिनिस्ट्री ऑफ एमएसएमइ के स्टेट डायरेक्टर आई जवाहर विशिष्ट



अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर फाउंडर एवं नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उपस्थित सभी टॉप लीडर्स का फूल मालाएं पहनाकर सम्मान किया गया। मुख्य स्पीकर के रूप में नरेंद्र अरोड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि लीडरशिप के लिए व्यक्ति में आत्मविश्वास एवं सकारात्मकता होना आवश्यक है।

इस अवसर पर टीम के ग्रेट लीडर्स कृष्णा गुप्ता, विशाल काठ, गगनदीप मल्होत्रा, बिक्रम चौधरी, सुरेंदर कुमार, पायल मित्तल, कंचन देओल, आशुतोष चतुवेर्दी, ईश्वर, किशनलाल अग्रवाल, शैली शर्मा, मेहर अली, हरप्रीत कौर देओल, बलजीत सिंह खेरा, राकेश मक्कड़, अनिकेत बांगर, अनीता भारद्वाज शर्मा, शैलजा गौरव गुप्ता, सावी चौधरी, अनिल कुमार मलिक, राजेश खन्ना, बलजीत कौर, अजय कुमार, फिरदौस अली, विजय सचदेवा, सुखबीर सिंह हुड्डा, राजकुमार सिक्का, दीपक शर्मा, निशा सोनी, पूनम स्वामी, मनोज कुमार, रविंदर कुमार, अशोक कुमार आदि को मेन्टोरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## एक रात मैया रानी व बाबा श्याम के नाम संकीर्तन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

पुरानी अनाज मंडी में एक रात मैया रानी व बाबा श्याम के नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। माता रानी व श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि ज्योत प्रचंड कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके उपरांत वृंदावन से श्याम सखी, गोरी साक्षी, साहिल शर्मा पानीपत ने अपने भजनों से मैया रानी व श्याम प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक भक्ति की रसधारा बहती रही। तू कृपा कर बाबा कीर्तन करवाउंगा, हारे का सहारा है मेरा श्याम, सांवली सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया, भक्तों को दर्शन दे गई एक छोटी सी कन्या, प्यारा सजा मईया का दरबार इत्यादि भजन सुन कर श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए। मुख्यातिथि समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि माता रानी व बाबा श्याम अपने भक्तों पर हमेशा कृपा बरसाते रहते है। कार्यक्रम का समापन आरती व प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस मौके पर चुलकाना धाम से रिंकल पुजारी, रूद्र जटाधारी बाबा, महंत मंशा पुरी महाराज आदि मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय योग विज्ञान शिविर का हुआ समापन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**आयुष विभाग** एवम पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-32 पार्ट 1 नरसी विलेज कृष्णा योगाश्रम में चल रहे तीन दिवसीय योग विज्ञान शिविर का आज समापन हो गया।

भारत स्वाभिमान न्यास के जिला अध्यक्ष सोमनाथ अरोड़ा ने बताया कि समापन समारोह के अवसर पर पतंजलि करनाल के फाउंडर प्रेसिडेंट अशोक महेंद्रू ने योग सत्र के दौरान बताया कि शरीर के आठ तंत्र एवम आठ चक्रों को स्वस्थ रखने के लिए आठ प्राणायाम करवाये जाते हैं। उन्होंने भस्त्रिका प्राणायाम की कई विधियां बताई, जिससे स्वसन तंत्र, फेफडे, ह्दय सबल होते हैं तथा विशुद्धि चक्र,



ह्दय चक्र को प्रभावित करता है। कपाल भांति प्राणायाम पाचन तन्त्र से लेकर आंतरिक अंगों को स्वस्थ एवम मजबूत करता है। इसी प्रकार अन्य प्राणायाम भी बाकी सभी चक्रों एवम तंत्र प्रणाली को स्वस्थ करने का कार्य करते हैं।

सोमनाथ अरोड़ा ने बताया कि स्वामी रामदेव के विश्व स्वास्थ्य मिशन को लेकर जिला करनाल में लगातार निरंतरता के साथ पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश मित्तल के मार्गदर्शन में योग शिविर लगाए जा रहे हैं, ताकि लोग निरोगी रहें और सुखी जीवन जी सकें।

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर सतपाल ने बताया कि पतंजलि योग समिति के साथ संयुक्त तत्वाधान में इस तरह के शिविर जिला करनाल के गाँव दाहा में, इंद्री, निसिंग, सेक्टर 7 करनाल, सेक्टर 13, गुज्जर धर्मशाला सेक्टर-4 करनाल आदि तहसीलों में लगाये जा चुके हैं। सफल आयोजन में योग कक्षा के मुख्य योग शिक्षक केएल कत्याल, सरिता गोयल, दिनेश हंस, बीनू मेहता योग शिक्षकों द्वारा पूर्ण सहयोग मिला।

आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज योग विशेषज्ञ एवम योग सहायकों की पूरी टीम योग जागरण यात्रा में शामिल हुई और नरसी विलेज के सभी लोगों को शिविर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

# जीटी रोड पर पंजाब रोडवेज की बस ने कार को मारी टक्कर



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**एक तेज** रफ्तार पंजाब रोडवेज की बस ने जीटी रोड कनक ढाबे के सामने क्विड कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने की वजह से क्विड कार में सवार मोहम्मद दिलशाद, मोहम्मद जाकिर, मोहम्मद नदीम, मोहम्मद जैद और मोहम्मद आजम व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में सवार सभी व्यक्ति दिल्ली में नंदनगर के रहने वाले हैं। घायलों को उपचार के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सकों ने मोहम्मद जाकिर, मोहम्मद नदीम, मोहम्मद जैद को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल मोहम्मद दिलशाद और मोहम्मद आजम को रोहतक पीजीआई रैफर कर, लेकिन यहां भी मोहम्मद आजम ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं मोहम्मद दिलशाद का अब भी रोहतक पीजीआई में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतक जाकिर के भाई जाहिद की शिकायत पर अज्ञात बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**चंडीगढ़ बारात में शामिल होकर आजम के भाई की शादी से लौट रहे थेः** मोहम्मद दिलशाद, मोहम्मद जाकिर, मोहम्मद नदीम, मोहम्मद जैद और मोहम्मद आजम पड़ोसी थे। रविवार को मोहम्मद आजम के भाई जाकिर की शादी थी। मोहम्मद दिलशाद, मोहम्मद जाकिर, मोहम्मद नदीम, मोहम्मद जैद शादी के बाद दूल्हे जाकिर के भाई आजम के साथ कार में सवार हो कर वापिस घर लौट रहे थे, लेकिन रास्ते में पंजाब रोडवेज बस ने उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगने की वजह से कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार पांचो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।

**दुर्घटना**

**8 कार में सवार सभी व्यक्ति दिल्ली में नंदनगर के रहने वाले हैं। उपचार के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया**

**रोड़वजे बस को मौके पर छोड़ कर भागा चालकः** पंजाब रोडवेज की बस पंजाब से सवारियां लेकर दिल्ली जा रही थी। जब बस कनक ढाबे के सामने पहुंची तो यह हादसा हो गया। गनिमत रही इस हादसे में रोडवेज बस में बैठी सवारियों को चोटें नहीं आई। हादसे के बाद बस चालक व कंडक्टर ने बस की सवारियों को दूसरी बस में बैठा कर रवाना कर दिया। इसके बाद खुद भी बच को मौके पर छोड़ कर फरार हो गए। थाना बड़ी पुलिस ने रोडवेज बस को भी अपने कब्जे में ले लिया है।

**मामला दर्ज कर जांच शुरू कीः** बड़ी थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवा कर शव स्वजनों के सुपुर्द कर दिया है। मृतक जाकिर के भाई जाहिद की शिकायत पर पुलिस ने पंजाब रोडवेज बस के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# अपोलो इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा नार्थ गेम्स (स्केटिंग) में दूसरे स्थान पर



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**अपोलो इंटरनेशनल** स्कूल बड़ी छठी कक्षा की तेजस्वी ने कैलेट्रर नार्थ गेम्स (स्केटिंग) में मोहाली (चंडीगढ़) में खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे स्थान पर तेजस्वी को चुना गया। तेजस्वी ने विद्यालय और अपने अभिभावकों को गौरवान्वित किया। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने कहा कि अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों की प्रतिभा को निखारा जाता है। जिससे समय-समय पर छात्र प्रत्येक क्षेत्र में अपने हौसलों को बुलन्दियों तक ले जायें। शर्मा ने कहा कि हमारा प्रयास हमेशा रहा है कि हम आने वाली नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाएं और देश को एक सभ्य नागरिक दें। कोऑर्डिनेटर अनीता यादव, एडमिन प्रमोद शर्मा, स्केटिंग कोच निखिल और स्टाफ के सभी सदस्यों ने तेजस्वी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## न्यूज फ्लैश

### किड्जी किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक विद्यालय सैक्टर -3 में हैलोवीन डे'मनाया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**किड्जी किड्स** प्लेनेट प्रेम पब्लिक विद्यालय सैक्टर -3 में हैलोवीन डे'मनाया गया। पश्चिमी सभ्यता के अनुसार भूतों की पोशाक पहन कर जब हम उनके क्रियाकलाप करते हैं तो ईसाई मत का कहना है कि उनके पूर्वजों को शांति मिलती है इस अवसर पर विद्यालय में होने वाले कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने काले व सफेद रंगों के वस्त्र, भूत-प्रेतों के मुखौटे पहन रखे थे। बच्चों का डरावने रूप में मेकअप किया गया। बच्चों ने भूतनाथ पर नृत्य भी किया। इस अवसर पर अभिभावकों के सहयोग से छोटी कक्षा के विद्यार्थी भूत,चुड़ैल और जादूगर की वेशभूषा में स्कूल पहुँचे। इसके बाद बच्चों ने मंच पर लघु नाटिका प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने कंकाल तथा चुड़ैल बनकर गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसको मनाए जाने का उद्देश्य विद्यार्थियों को भूत प्रेत आदि के डर को उनके मन से मिटाना एवम दूर करना था। विद्यार्थियों सहित समस्त अभिभावकों ने भी हैलोवीन डे' मनाने में अहम भूमिका निभाई।

### मोतीलाल नेहरू खेलकूद विधालय की खिलाड़ी हिना ने गोवा में लहराया हरियाणा का परचम

**राईः हीना** फोगाट ने खेल स्कूल राई के इतिहास में एक नया अध्याय प्रारम्भ किया है। हीना ने गोवा में हो रहे 37 वे नैशनल गेम्स में एक सिल्वर व एक बरॉन्ज़ मैडल जीत कर देश मे प्रदेश व स्कूल का नाम रौशन किया है।

भारत के 2023 राष्ट्रीय खेल, जिन्हें भारत के 37वें राष्ट्रीय खेल और अनौपचारिक रूप से गोवा 2023 के रूप में भी जाना जाता है, इन्ही खेलों में मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल राई की खिलाड़ी हिना ने हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए टेटरथलोंन मिस्ड रिले व टेटरथलोंन टीम इवेंट में सिल्वर व ब्रांज़ मेडल जीतकर प्रदेश व स्कूल का नाम रोशन किया। खेल स्कूल राई के प्राचार्य व हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष कर्नल अशोक मोर ने हिना को जीत की बधाई दी व बताया कि अभी हिना का एक इवेंट बाक़ी है और उन्हें विश्वास है की हिना उस इवेंट में भी ज़बरदस्त प्रदर्शन के साथ प्रदेश व खेल स्कूल का नाम रोशन करेगी। कर्नल अशोक मोर ने बताया कि वे नेशनल गेम्स में चयनित हरियाणा की टीम के डिप्टी सीडीएमआर भी हैं और हिना की हौंसला अफ़जाई के लिये व हिना के अगले इवेंट के साक्षी बनने के लिए हाल ही में गोवा रवाना हो रहे हैं।

### राष्ट्रीय सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया

**राईः** राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम), कुंडली द्वारा केंद्रीय सतर्कता आयोग, भारत सरकार के दिशा-निदेर्शानुसार राष्ट्रीय सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ राष्ट्रीय अखण्डता शपथ से किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. हरिन्दर सिंह ओबेरॉय ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय अखण्डता की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी को शपथ दिलाई कि हम नीतिपरक कार्य पद्धतियों को बढ़ावा देंगे तथा ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देंगे। हम ना तो रिश्वत देंगे और ना ही रिश्वत लेंगे। हम पारदर्शिता, जिम्मेवारी तथा निष्पक्षता पर आधारित निगमित सुशासन की प्रतिज्ञा करते हैं। निदेशक डॉ. हरिन्दर सिंह ओबेरॉय ने कहा कि हमारा विश्वास है कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। हमारा विश्वास है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. जोगेन्द्र सिंह राणा, डॉ. आशुतोष उपाध्याय आदि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों के लिए पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत, कमाल हुसैन**
**आईबी महाविद्यालय** में अंग्रेजी विभाग द्वारा एम.ए इंग्लिश ' फाइनल ईयर की विद्यार्थियों के लिए पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन का आयोजन किया। इसका अयोजन प्रोफेसर प्रिया बरेजा द्वारा किया गया इस प्रस्तुति का प्रमुख विषय 'वर्जीनिया वूल्फ और उनकी लेखन तकनीक' रहोजिसमें बच्चों कक्षा के सभी बच्चों ने में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । गतिविधि के द्वारा 12 विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति दी । कॉलेज के प्रचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग जी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में अपने विचारों को व्यक्त करने की भावना का विकास करती है।
विभागाध्यक्ष डॉक्टर नीलम ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में साहित्य के प्रति रुचि पैदा करती हैं।

# सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) ने शरीफगढ़ स्कूल में रियल अनार जूस छात्रों को किया वितरित

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय** अभियान के तहत सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शरीफगढ में अपनी को स्पॉन्सर डाबर द्वारा रियल अनार जूस वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधालय की प्राचार्य तनुपम द्वारा की गई। उन्होने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया व आज के कार्यक्रम के लिए सेवा ट्रस्ट टीम कुरुक्षेत्र का धन्यवाद किया और कहा की स्वस्थ बच्चे ही शिक्षित होकर स्वस्थ समाज का निर्माण करते है। बच्चो को पढ़ाई के साथ-साथ खेलो और स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया जाना चाहिए। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया की सेवा ट्रस्ट समाज में शिक्षा,स्वास्थ्य, रक्तदान, पौधारोपण और विधालय मे पढ़ने वाले बच्चो की करियर काउंसलिंग के कार्य करने में हमेशा तत्पर है। अब संस्था ने सरकारी विद्यालय के सभी बच्चो को स्वस्थ रखने का अभियान चलाए हुए है। ट्रस्ट लगातार इस तरह के कार्यक्रम सरकारी विद्यालय मे कर रहा है ओर सभी बच्चो को जागरूक कर रहा है इसलिए आज अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से समस्त बच्चों को डाबर रियल अनार जूस वितरित किए गए जिसे पाकर सभी बच्चो के चेहरे खिल उठे।इस अवसर पर विजय पंघाल ने सेवा ट्रस्ट के कार्य बारे विस्तार से बताया की सेवा ट्रस्ट जिला कुरुक्षेत्र मे बहुत ही नेक कार्य कर रही है खासकर सरकारी विद्यालय मे पढ़ने वाले बच्चो के स्वास्थ्य सम्बन्धित कार्य गम्भीरतापूर्वक कर रही है।

## आज होगा रन फॉर यूनिटी का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**लौह** पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हुए आज 31 अक्टूबर मंगलवार को उपमंडल स्तर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। रन फार यूनिटी के आयोजन को सफल बनाने के लिए सोमवार को एसडीएम डॉक्टर निर्मल नागर ने नगरपालिका सभागार में पार्षदों ,शिक्षा विभाग व नगरपालिका अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर इसमें बढ़चढ़ कर भाग लेने के साथ सभी की अलग अलग जिम्मेदारी भी लगाई गई। एसडीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि उपमंडल स्तर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन उपमंडलीय परिसर में किया जाएगा । उन्होंने बताया कि सुबह 7 बजे सभी प्रतिभागी उपमंडलीय परिसर में इकट्ठा होंगे।

# लगभग 4 करोड़ की लागत से शहरी विधानसभा में तैयार हो रहे हैं 14 कम्युनिटी सेंटर: विज

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**शहरी विधानसभा** में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अन्त्योदय के मूलमंत्र को जमीनी स्तर पर साकार रूप देने के लिए आम आदमी या आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के लिए सामाजिक कार्यक्रम करने हेतु पानीपत शहरी विधानसभा में विधायक प्रमोद विज द्वारा शहर भर में 108 भवनों का निर्माण कार्य करवाना लक्ष्य था। जिसके तहत लगभग 20 भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। एवं लगभग 50 भवनों का निर्माण कार्य



जारी है इस श्रृंखला में विधायक द्वारा शहर में लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न वार्डों में लगभग 14 भवन और बनाए जा रहे हैं।
विधायक विज ने बातचीत में बताया कि भारतीय जनता पार्टी अन्त्योदय की विचारधारा पर कार्य करने वाली पार्टी है । प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल कहते हैं कि अन्त्योदय के उत्थान के लिए हमें योजनाओं की शुरूआत पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को लाभ देकर करनी होगी ।
मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जनसेवा के मंत्र को साधते हुए पानीपत शहरी विधानसभा में सामाजिक कार्य करने हेतु 108 भवनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है ।

## 'धान के अवशेष न जलाने वाले किसानों को मिलेगा एक हजार रुपए'

**गन्नौर। उप-निदेशक** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग डा. पवन शर्मा के दिशा निदेर्शानुसार में गांव खेड़ी गुज्जर में (फसल अवशेष प्रबन्धन) जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में खंड कृषि अधिकारी डा. आन्नद श्योराण ने बताया कि किसान अपनी फसल का पंजीकरण आवश्य करवा ले जिन्होंने धान की कटाई में बाद अवशेषों को मिट्टी में मिला दिया है। किसान अपने खेत की जुताई का एक फोटो व वीडियों बनाए। उसके बाद सीआरएम पोर्टल पर पंजीकरण कर दे। ऐसा करने वाले प्रत्येक किसान को 1 हजार रुपएं की सहायता राशि दी जाएगी।

# मुकेश जिंदल बने होजरी एवं रेडीमेड होलसेल के प्रधान



**टीम एक्शन इंडिया/संतोष कुमारी**
**नारनौल। नगर** के सभी होजरी एव रेडीमेड होलसेल के व्यापारियों की बैठक अरोड़ा सभा पुल बाजार पर आयोजित की गई। जिसमे सर्वसम्मति से होजरी एवम रेडीमेड गारमेंट एसोसिएशन का गठन किया गया। बैठक में मुकेश जिंदल को सर्वसम्मति से एसोसिएशन का प्रधान चुना गया।
बैठक में राजीव जैन को उप प्रधान, मोहित जिंदल को सचिव, नितिन गर्ग को सह सचिव, नवनीत चौधरी को कोषाध्यक्ष के लिए सर्वसम्मति एसोसिएशन का पदाधिकारी बनाया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। सभी सदस्यों ने एसोसिएशन के साथ मिलकर काम करने का भरोसा दिलाया। वहीं प्रधान मुकेश जिंदल एवम सभी पदाधिकारियों ने उपस्थित व्यापारियों की आने वाली समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया।
इस बैठक का संचालन एसोसिएशन नवनियुक्त सचिव मोहित जिंदल ने किया। जिंदल ने बताया कि होजरी एवम रेडीमेड गारमेंट एसोसिएशन बनाई गई है। जिसकी बैठक हर माह की जाएगी और किसी भी व्यापारी के साथ किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो एसोसिएशन के सभी सदस्य द्वारा उक्त समस्या का समाधान किया जाएगा। एसोसिएशन के प्रधान मुकेश जिंदल ने उपस्थित सभी व्यापारियों का बैठक का सफल आयोजन के लिए आभार जताया।
इस मौके पर अमित संघी, गोपाल बंसल, धीरज जिंदल, तजिंदर पाल सिंह, मुकेश कुमार, अशोक कुमार, जुगल बंसल, प्रवीण कुमार, पिंटू हल्दिया आदि व्यापारी उपस्थित थे।

# एसडीएम व टीम ने निरीक्षण कर खंड के 4 स्कूलों का किया चयन

## बेगा, कामी, भूर्री, बांय गांव के राजकीय स्कूल को मिलेगा प्रोत्साहन पुरस्कार



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**शिक्षा विभाग** द्वारा मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यकरण प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में चयन को लेकर एसडीएम डा. निर्मल नागर के नेतृत्व में बीईओ सतीश शर्मा, सीडीपीओ सहित 5 अधिकारियों की टीम ने खंड के विभिन्न स्कूलों का दौरा कर स्कूल में सभी सुविधाओं की जांच की। चयनित स्कूलों को अब हरियाणा दिवस पर 50-50 हजार रुपएं और प्रशंसा पत्र मिलेगा। सभी मापदंडों पर खरा उतरने वाले स्कूलों को यह पुरस्कार दिया गया। टीम में शेखपुरा स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक राठी व पुगथला स्कूल के प्रधानाचार्य बिजेन्द्र भी शामिल है। खंड में हाई स्कूल, प्राईमरी स्कूल, मिडल स्कूल व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के चार पुरस्कार दिए जाएंगे। एसडीएम नागर ने निरीक्षण के दौरान शिक्षकों को कहा कि एक सुशिक्षित समाज ही बेहतर समाज और देश का निर्माण कर सकता है। सुशिक्षित समाज का निर्माण करने में सर्वश्रेष्ठ रहने वाले स्कूल मुखिया अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रहे है। अपनी मेहनत से स्कूलों की हालत बदल रहे है। शिक्षा विभाग की ओर से मुख्यमंत्री सुंदरीकरण योजना के तहत खंड स्तर पर स्कूलों को प्रथम भी ला रहे है।
एसडीएम निर्मल नागर ने बताया कि मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यकरण प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बेगा गांव के स्कूल का चयन किया है। हाई स्कूल मे कामी गांव का राजकीय स्कूल, मिडल स्कूल में भूर्री गांव का राजकीय स्कूल व प्राईमरी स्कूल में बाय गांव के स्कूल का प्रोत्साहन के लिए चयन किया गया है।

# प्रचार वैन को एसडीएम ने झंडी दिखाकर किया रवाना

## युवाओं और महिलाओं को वोट बनाने के लिए गांव-गांव जाकर करेगी जागरूक :



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**उपमंडल निर्वाचन** अधिकारी एवं एसडीएम डा. निर्मल नागर ने सोमवार को निर्वाचन कार्यालय वैन को उपमंडलीय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वैन गांव-गांव जाकर 1 जनवरी 24 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं और महिलाओं जिन्होंने अभी तक अपनी वोट नहीं बनवाई है उनको जागरूकर करने का काम करेगी। उन्होंने बताया कि साथ ही मतदाता सूची को दुरुस्त करने की जानकारी भी मतदाताओं को देगी। एसडीएम नागर ने बताया कि आने वाले लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत तैयार की जा रही मतदाता सूची तैयार की जा रही है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करने का कार्य किया जाएगा, जिसमें सबका सहयोग अपेक्षित है। मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए दावे तथा आपत्तियां 9 दिसंबर तक दर्ज करवा सकता है। अवकाश दिवसों पर 4, 5 नवंबर तथा 2 3 दिसंबर को सभी बीएलओ अपने-अपने बूथों पर उपलब्ध रहकर दावे-आपत्तियां लेंगे। चुनाव आयोग ने युवा मतदाताओं के लिए वोट बनवाने के लिए पुरस्कार योजना भी चलाई है, जिसका फायदा उठाना चाहिए। युवा मतदाताओं को पुरस्कार स्वरूप पेन ड्राइव, लैपटॉप और स्मार्टफोन दिए जाएंगे। इस अवसर पर तहसीलदार मनोज कुमार, चुनाव कानूनगों पूजा, एडवोकेट सुन्दर सिंह रापरिया आदि मौजूद रहे।

# सिलिकोसिस बीमारीः जिला सचिवालय पर शिविर लगाया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**श्रम विभाग के** सहायक निदेशक (औद्योगिक स्वास्थ्य) डॉ हरेंद्र मान ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा मजदूरों के स्वास्थ्य के प्रति गंभीरता दिखाते हुए सिलिकोसिस बीमारी की जांच एवम जागरूकता के लिए हर वीर को जिला सचिवालय के छठे तल पर शिविर लगाया जाएगा।
उन्होंने बताया कि यह एक फेफड़ों की बीमारी है जो की स्टोन क्रशर, भठ्ठा मजदूर , निर्माण मजदूर , मार्बल कटर, लोहा व इस्पात की ढलाई के मजदूरों में पाई जाती है। इस बीमारी के लक्षण सांस फूलना, थकावट होना, भूख नहीं लगा, वजन कम होना, छाती में दर्द, सूखी खांसी इत्यादि है।
डॉ हरेंद्र मान ने बताया इसको लेकर गत दिनों श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन द्वारा वीडियो कांफ्रेंस कर निर्देश भी दिए गए थे और मजदूरों के स्वास्थ्य के प्रति गंभीरता पूर्वक काम करने के निर्देश दिए थे और कहा था कि मजदूरों को विशेषत सिलिकोसिस के प्रति जागरूक किया जाए व जिन्हे सिलिकोसिस की बीमारी है
उनको हरियाणा सिलिकोसिस पुनर्वास नीति के तहत जो सुविधाए मिलती हैं व उन तक पहुंचाई जाए।

# डीसी विक्रम सिंह ने की एनजीटी के केसों की समीक्षा

## डीसी ने अधिकारियों को दिए राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण के केसों का निपटान गम्भीरता से करने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)। डीसी विक्रम** सिंह की अध्यक्षता में आज सोमवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला फरीदाबाद में लंबित राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के केसों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जहां उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण के केसों का निपटान अधिकारी गंभीरता से करें। डीसी विक्रम सिंह ने एनजीटी के केसों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल की हिदायतों के अनुसार जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। डीसी विक्रम सिंह ने राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण के केसों समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि



नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के पर्यावरण सम्बंधित केसों का निपटान अधिकारी समयबद्ध तरीके से धरातल पर निरीक्षण करके पूरा करें। जिला फरीदाबाद में एक्यूआई प्रदूषण की मात्रा 300 से अधिक चली गई है। जो कि मानव जीवन के स्वास्थ्य के लिए अच्छी खबर नहीं है। इसलिए जिस भी अधिकारी को उनके विभाग से जुड़े एनजीटी के केसों की जिम्मेदारी तय की गई है। वे अधिकारी पूरी निष्ठा के साथ एनजीटी की गाइड के अनुसार केसों की पूरी पैरवी करें। अवैधानिक रूप किए जा रहे हैं सभी कार्यों पर तुरंत प्रभाव से कार्यवाही करते हुए आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। डेलीबेसिज पर समीक्षा करके जिला मुख्यालय में सूचना जरूर देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी केसों का निपटान एनजीटी की हिदायतों के अनुसार ही करना सुनिश्चित करें। जिस विभाग की जो भी जिम्मेदारी है। उसे निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। वहीं उन्होंने बैठक में एनजीटी के सभी केसों की एक-एक करके विभाग वार जानकारी लेकर सम्बन्धित अधिकारी से जबाब देही के साथ समीक्षा की। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल अधिकरण एनसीआर में गंभीरता से कार्य कर रहा है। इसलिए एनजीटी द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार जिला फरीदाबाद में नियमों की पालना करना सुनिश्चित करें। बता दें विगत 18 अक्टूबर 2010 को राष्ट्रीय हरित अधिकरण की स्थापना राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम 2010 के तहत पर्यावरण बचाव और वन संरक्षण और अन्य प्राकृतिक संसाधन सहित पर्यावरण से संबंधित किसी भी कानूनी अधिकार के प्रवर्तन और क्षतिग्रस्त व्यक्ति अथवा संपत्ति के लिए अनुतोष और क्षतिपूर्ति प्रदान करना और इससे जुडे.हुए मामलों का प्रभावशाली तथा तीव्र गति से निपटारा करने के लिए किया गया है।

यह एक विशिष्ट निकाय है, जो कि पर्यावरण विवादों बहु-अनुशासनिक मामलों सहित, सुविज्ञता से संचालित करने के लिए सभी आवश्यक तंत्रों से सुसज्जित है।

**ये हैं एनजीटी की मुख्य गाइडलाइनः**

राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल की हिदायतों के अनुसार यह प्राधिकरण 1908 के नागरिक कार्यविधि के द्वारा दिए गए कार्यविधि से प्रतिबद्ध नहीं है। लेकिन प्रकृतिक न्याय सिद्धांतों से निर्देशित है।

राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण से संबंधित सभी मामलों के तहत सुनवाई कर सकता है। वन अधिनियम 1980, वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1981,जल अधिनियम 1974, जल उपकरण अधिनियम 1977, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986, जैव विविधता अधिनियम 2002 शामिल हैं। एनजीटी का न्यायिक क्षेत्र बहुत अधिक विस्तार है। इसे सिविल न्यायालय की शक्तियां की प्राप्त है और दंड के रूप में अधिकतम 3 वर्षों की सजा तथा 10 करोड़ रुपये की धनराशि के आर्थिक दंड दे सकता है। एनजीटी के केसों की समीक्षा बैठक में डीसीपी पूजा वशिष्ठ, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बड़खल कम सीटीएम अमित मान, एचएसवीपी के एस्टेट आफिसर्स सिद्धार्थ दहिया, डीआरओ बिजेन्द्र राणा, एसीपी मुख्यालय अभिमन्यु गोयत, एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार, एडीए, एमसीएफ, स्मार्ट सीटी,नेशनल हाईवे सहित एनजीटी के केसों से सम्बंधित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस द्वारा इस मामले में अब तक वारदात में प्रयोग 4 हाइवा डंपर

फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )। डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने माइनिंग व पुलिस पार्टी पर हमला करने के मुकदमे में 7 महीने से फरार चल रहे पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस द्वारा आरोपी करण, सं२२२दीप, अक्षय तथा उधम को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपों का नाम सुधीर है जो फरीदाबाद के जसाना गांव का रहने वाला है। 5 मार्च 2023 को सुबह करीब 6:30 बजे थाना खेड़ी पुल पुलिस टीम को सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई जिसपर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने खनन माफियाओं का पीछा करते हुए यमुना नदी की तरफ से खेडी गांव होते हुए यमुना रेती चोरी करके सेक्टर 85 की तरफ आ रहे थे। मौके पर पुलिस टीम ने रेती से भरे हाईवा देखा। हाईवा ड्राइवर ने पुलिस को देख वापस मोड़ दिया और उसी दौरान सरकारी गाड़ी के आगे बिना नंबर की बोलेरो, वैगनआर, एक स्विफ्ट और एक एक्सेंट कार गाड़ी सरकारी के सामने लगा दी व सभी हाईवा को भगाने में मदद की उसके पश्चात ये गाड़ियां खेड़ी गांव से होते हुए गांव नाचोली की तरफ कच्चे रास्ते से भागने लगी। फोन पर पुलिस ने तिगांव पुलिस को नचोली रोड पर नाकाबंदी करने बारे सूचित किया। कावरा मोड पर एफ्र 168 ने नाकाबंदी कर दी जो इसी दौरान हाईवा चालक चलती गाडियों से यमुना रेती को खाली करने लगे और दो हाईवा खाली करके गाव नाचोली में घुस गयी और दो हाईवा कावरा मोड़ की तरफ जा रही थी जो दोनों हाईवा कावरा चौक पर पहुंची तो दोनों हाईवा गाड़ियों ने बैरिकेड को तोड़ दिया और वहां पर नाके पर उपस्थित एरक भगत सिंह, चालक सिपाही अमरदीप और एसपीओ गुड्डू पर हाईवा चढ़ाकर जान से मारने की कोशिश की जो सभी कर्मचारियों ने सतर्कता का परिचय देते हुए अपनी जान बचाई और उसके बाद गाडी हाईवा चालक तेज गति व लापरवाही से अपनी अपनी गाड़ियों को भगाते रहे और उक्त गाडी चालक जब कबूलपुर गांव में ज्ञान स्कूल के पास पहुचे तो जो गाडी हाईवा चालको की मदद कर रही अन्य गाडियों में से 10, 12 लडके ० गाव के अन्य 10, 12 आरोपी लाठी डंडो से लेस होकर चौक पर आ गये और अचानक सरकारी गाडी पर पत्थरबाजी, डंडो से हमला कर दिया और मौके का फायदा उठाकर चालक डंफर सहित वहा से भाग गये। अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना खेड़ी पुल में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस द्वारा इस मामले में आरोपी करण संदीप अक्षय तथा उधम को गिरफ्तार करके चार डंपर चार गाड़ियां तथा एक जेसीबी मशीन को अपने कब्जे में ले लिया। आरोपी सुधीर जो फरार चल रहा था उसे क्राइम ब्रांच की टीम ने खेड़ी गांव मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया की वारदात के दिन आरोपी डंपर चला रहा था जिसने पुलिस पार्टी पर हमला करके उन्हें जान से मारने की कोशिश की। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है अन्य आरोपियों की तलाश जारी है जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### लिंग्याज विद्यापीठ ने द इंस्टीटयूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटस ऑफ इंडिया के साथ एमओयू किया साईन

**फरीदाबाद।** लिंग्याज विद्यापीठ डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने द इंस्टीटयूट ऑफ चार्टर्ड ऑफ इंडिया के साथ एमओयू साईन किया। स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट की हेड डॉ स्मृति महाजन ने बताया कि द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटस ऑफ इंडिया के बोर्ड ऑफ स्टडीज के अध्यक्ष सीए विशाल दोशी के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता को साकार किया है। इस साझेदारी से हम वित्त और लेखा मामलों के क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण को बढ़ावा देंगे। इस समझौते के माध्यम से, हम वित्तीय प्रबंधन और लेखाकारी के क्षेत्र में विद्यार्थियों को उच्च शैक्षिक मानकों के साथ प्रशिक्षित करेंगे ताकि वे वित्तीय प्रशासन और लेखा मामलों में अधिग्रहण कर सकें। इस अवसर पर सचिव डॉ. पिचेश्वर गड्ढे ने कहा कि हम इस महत्वपूर्ण साझेदारी का स्वागत करते हैं और यह साबित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि वित्तीय प्रबंधन और लेखा मामलों के क्षेत्र में संस्थान शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में और भी अधिक समृद्धि करेगा। इस सुअवसर पर रेजिस्ट्रार प्रेम कुमार सालवान ने कॉमर्स एंड मैनेजमेंट विभाग को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस समझौते के माध्यम से हम छात्रों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए कदम बढ़ाएंगे। इस मौके पर बोर्ड ऑफ स्टडीज आईसीएआई के डायरेक्टर सीए वंदना डी नागपाल, डिप्टी डायरेक्टर डॉ एनएन सेनगुप्ता, मनोज कुमार दास और ज्योति अरोड़ा मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद् ने किया 'दीपोत्सव' कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव** भारत विकास परिषद् ज़िला फरीदाबाद द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन ग्रीनलैंड -44 में रविवार को किया गया। इस आयोजन में भारत विकास परिषद् ज़िला फरीदाबाद की सभी 9 शाखाओं फरीदाबाद शाखा, संस्कार शाखा, माधव शाखा, बल्लभगढ़ शाखा, नारायण शाखा, केशव शाखा, गोविन्द शाखा, विवेकानन्द शाखा व शिवाजी शाखा एवं भारत विकास परिषद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट ने मुख्य भूमिका निभाई ।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने शिरकत की ।अति विशिष्ट अतिथि श्री भरत पाल सिंह विशिष्ट अतिथि श्री रमेश चन्द गर्ग विधायक श्री नरेन्द्र गुप्ता, राजेश नागर, दीपक मंगला, अजय गौड़, पूर्व मंत्री विपुल गोयल, निवर्तमान मेयर सुसुमन बाला उपस्थित रहे। विनीत गर्ग, क्षेत्रीय अध्यक्ष भारत विकास परिषद, बतौर कार्यक्रम अध्यक्ष सम्मिलित हुए। इसके अतिरिक्त परिषद से राजकुमार अग्रवाल क्षेत्रीय महासचिव, महेन्द्र शर्मा क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव, अनिल बंसल प्रान्तीय अध्यक्ष, ऋषि अग्रवाल प्रान्तीय महासचिव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण परिषद परिवार की महिलाओं व बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं डांडिया धमाल था। पुरानी दिल्ली की चाट व स्वादिष्ट व्यंजनों का भी सभी लोगों ने खूब आनंद लिया । फरीदाबाद शहर के 1500 से अधिक लोगों ने दीपोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में गौरव गुप्ता, संदीप मितल, निधि जैन, सत्य नारायण बंसल, दिनेश गर्ग, अजय अग्रवाल, सुरेन्द्र जग्गा, विवेकानन्द तिवारी, दिनेश अग्रवाल, मनोज टांटिया, अरूण सराफ, अशोक गोयल, अनुभव महेश्वरी, लोकेश गर्ग , अजय शर्मा व सभी शाखाओं एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष व महिला संयोजिकाओं की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर फरीदाबाद शहर के उद्योगपति, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद, डॉक्टर्स, अधिवक्ता, समाजसेवी,व मीडिया का पूरा पैनल की गरिमापूर्ण उपस्तिथि रही। डांडिया उत्सव करने के लिए समारोह स्थल में लगभग 500 महिलाओं ने डांडिया नृत्य से अद्भुत छटा बिखेरी। साथ ही एक बड़ी स्क्रीन पर भारत विकास परिषद की जानकारी एवं गतिविधियों का चित्रण भी किया गया।

# शहीदों के गांव की मिट्टी गुरुग्राम के लिए हुई रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**

फरीदाबाद आज मेरा देश मेरी माटी कार्यक्रम के तहत जिले के कई शहीदों के गांवों से लाई गई मिटटी के कलशों को भारतीय जनता पार्टी अटल कमल जिला कार्यालय से गुरुग्राम के लिए किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुखवीर मलेरना के नेतृत्व में रवाना किया गया । इस अवसर पर मनोज भाटी, नीरज दत्त, अनिल गुर्जर, कृष्ण गुर्जर, जीत सिंह, उमेद डागर, कैप्टन सरजीत टोंगर,शेर सिंह भाटिया, डॉ.राम रतन, सुदर्शन कुमार, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक सत्येन्द्र दुग्गल, जिला



विस्तारक मनजीत सिंह जांगड़ा, ग्यासी राम शर्मा, अभिषेक, अनिल करहाना,गौड़ साहब,दिनेश राघव, लाखन सिंह लोधी व अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक सुखवीर मलेरना ने बताया की आजादी का अमृत महोत्सव 31 अक्टूबर को पूर्ण हो रहा है।समूचे देश से बलिदानियों के घरों व गांवों की मिट्टी कलशों में मंगवाई गई है।

### 37 किलोग्राम पटाखों सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच 48 ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )**। डीसीपी क्राइम हेमेंन्द्र कुमार मीणा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम के द्वारा पटाखों सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी रोहन फरीदाबाद के एनआईटी का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से काबू किया है। आरोपी से मौके पर तीन अलग अलग बोरों में भरे 37 किलोग्राम विस्फोटक पटाखे बरामद किए गए है।

# हमारी भारत योगी-महात्माओं ओर ऋषि मुनियों की रही है: विपुल गोयल



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।**

फरीदाबाद के कृष्णा कॉलोनी स्लम एरिया में पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर महर्षि वाल्मीकि कों पुष्प अर्पित किये व सभी क्षेत्रवासियो कों वाल्मीकि जयंती की बधाई दी। इससे पहले कॉलोनी वासियो ने पूर्व मंत्री विपुल गोयल का फूल मालाओ और ढ़ोल नगाड़ो से जोरदार नारे लगाते हुए स्वागत किया। वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य पर लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा की हमारी भारत भूमि शुरू से ही योगी महात्माओं ओर ऋषि मुनियों की रही है और महर्षि वाल्मीकि महान थे जिन्होंने रामायण ग्रन्थ कों पहले ही लिख दिया था। पूर्व मंत्री ने कहा की महर्षि वाल्मीकि के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें सद मार्ग पर चलना चाहिए` इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद नरेश नंबरदार और सुरजीत अधाना जिला पार्षद भी कार्यक्रम में शामिल रहे। पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने कहा की आज हमारे वाल्मीकि भाईयो का दबदबा पूरे हिंदुस्तान में है ओर अपनी एकजुटता के कारण समाज के अंदर एक मजबूत स्तम्भ के तोर पर अपनी विशेष पहचान बनाये हुए है। विपुल गोयल ने इस अवसर पर कहा की जब सम्पूर्ण विश्व कोरोना महामारी में जूझ रहा था उस दौर में भी वाल्मीकि सफाई कर्मियों ने अपने जीवन को खतरे में डाल कर देश को स्वच्छ रखने में जो योगदान दिया है उसके लिये देश की मोदी सरकार ने इन्हे कोरोना योद्धा के सम्मान से नवाजा और ये देश हमेशा मेरे वाल्मीकि भाईयो का ऋणी रहेगा । इस अवसर पर मंदिर कमेटी संरक्षक सुभाष चौटाला, प्रधान करण सरवन, वरिष्ठ प्रधान गिरिराज, अखिलेश कुमार प्रधान आरडब्लूए, विकास, रोहित ठाकुर, नरेंद्र गिरी, जान मोहम्मद, राम नाथ, डॉ संजीत, डॉ इंद्रजीत, भगवान सिंह गोला समाज सेवक, राहुल, श्रीकांत झा, सुनीता ठाकुर, राजू गुर्जर, सतवीर, मदन, दिनेश बंसल, पूरन सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# आज होगा 'रन फॉर यूनिटी' मैराथन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन फरीदाबाद के द्वारा 31 अक्टूबर को देश के प्रथम गृह मंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाएगा। सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर से प्रातः 7:00 बजे शुरू होने वाली इस 'रन फॉर यूनिटी' मैराथन को केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर को देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल




की जयंती है। जिसे राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया जाता है। सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती पर उन्हें अखण्ड भारत के निर्माण की नींव रखने में अहम भूमिका निभाने पर उन्हें याद किया जाएगा। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अविस्मरणीय योगदान दिया है। उनके सार्थक प्रयास और ठोस निर्णय से भारत एक बड़ा राष्ट्र बना। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत रन फॉर यूनिटी की शुरूआत सोमवार प्रातः 7:00 सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर से होगी। उन्होंने बताया कि यह रन फॉर यूनिटी मैराथन सेक्टर-12 खेल परिसर से शुरू होकर सेक्टर 12-15 डिवाइडिंग रोड से होते हुए वापस सेक्टर-12 खेल परिसर में संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि यह मैराथन 5 किलोमीटर लंबी होगी। महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग मैराथन आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मैराथन में शहर के सभी सामाजिक-धार्मिक संगठन, खिलाड़ी,एनजीओ व अन्य वर्गों के लोग हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि मैराथन में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले महिला व पुरूष विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# ट्रैफिक पुलिस और जिला प्रशासन ने हटावाया अतिक्रमण

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश तथा डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार की अगुवाई में यातायात पुलिस ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर आज सेक्टर 15 व 16 की मार्केट में सड़क पर अतिक्रमण करने या रेहडी लगाकर सड़क पर जाम लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटवाया गया। एसडीओ श्री सुरेंद्र कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर नियुक्त किया गया



जिनकी देखरेख में ट्रैफिक इंस्पेक्टर जगबीर सिंह व एमसीएफ टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आज फरीदाबाद के सेक्टर 15, 16 से पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इसके लिए उपायुक्त द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट को नियुक्त किया गया और पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर जिला प्रशासन ने अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई को पूरा किया। मार्केट तथा मेन मार्केट की सड़कों पर दुकानदारों द्वारा सामान लगाकर या सड़कों पर रेहडी लगवाकर अतिक्रमण किया जाता है। त्यौहार का सीजन होने के चलते सड़क किनारे करीब 40 से 50 टेंट लगाए गए थे इसके पास वाहन खड़ा करने या सड़क की जगह पर सामान रखने से सड़क का रास्ता संकरा हो जाता है जिसकी वजह से वहां पर वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है। सड़क संकरी हो जाने की वजह से वाहन धीरे धीरे चलते हैं और उनके पीछे आने वाले वाहन रुक जाते हैं

इसकी वजह से ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और यात्रियों को इसकी वजह से बहुत सी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसी को देखते हुए आज प्रशासन द्वारा सड़कों से अतिक्रमण हटाया गया। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि दुकानदार सड़क पर सामान लगाकर अतिक्रमण न करें या जहां से अतिक्रमण हटा दिया गया है वहां पर दोबारा से समान न लगाएं अन्यथा उनके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी शहर मे यातायात सचारु रुप से चलता रहे और शहर मे जाम न लगे सभी थानो प्रबनधक को भी शहर मे अतिक्रमण करने वालो पर नजर रखने और कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

# क्राइम ब्रांच एनआईटी ने 2 पेटी अवैध देशी शराब सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेश कुमार व उनकी टीम ने शराब तस्करी के मुकदमे में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सुमित उर्फ कलवा है जो फरीदाबाद की भारत कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुरानी चुंगी ओल्ड के पास से आरोपी को अवैध शराब सहित काबू कर



लिया। आरोपी के कब्जे से देसी शराब मार्का मस्ताना के 100 पौवे बरामद किए गए। आरोपी से जब इसके बारे में पूछताछ की गई तो वह आनाकानी करने लगा जिसके पश्चात आरोपी को ओल्ड थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध शराब अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ में आया कि आरोपी दूध का काम करता है और पैसों के लालच में इधर-उधर ठेकों से शराब लाकर बेचता है।

आरोपी के खिलाफ इससे पहले लड़ाई झगड़ा वह अवैध शराब तस्करी का एक-एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 31 अक्टूबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा ने मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

## सभी को महाराजा अग्रसेन जी के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिएः प्रेम चंद गुप्ता प्रधान, वजीरपुर के मरीना ड्रीम बैंक्वट में किया गया अग्रसेन जयंती का आयोजन

















**नई दिल्ली/तीरथ राज**

**दिल्ली** के वजीरपुर स्थित मरीना ड्रीम बैन्कवट में मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा (रजि.) के द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल, मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी, पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल, मॉडल टाउन के निगम पार्षद विकेश सेठी, धीरपुर वार्ड की निगम पार्षद नेहा अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान गजेन्द्र सोलंकी राष्ट्रीय कवि ने काव्य पाठ भी किया। इस अवसर पर मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के प्रधान प्रेम चंद गुप्ता ने कहा कि सभी को महाराजा अग्रसेन जी के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है।

उन्होंने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि आज का यह कार्यक्रम सर्वसमाज का कार्यक्रम है। इसमें हमने विशेष रूप से ब्राह्मण, वाल्मीकि व अन्य समाज के लोगों के पैरों पर हल्दी लगाकर उनका सम्मान किया है।

इस दौरान मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के मुख्य संरक्षक बृजमोहन गोटे वाले ने सभी को महाराजा अग्रसेन जयंती की बधाई दी और कहा कि आज बड़े ही भव्य रूप में कार्यक्रम का आयोजन हुआ है। इसके लिए सभा की पूरी टीम बधाई की पात्र है।

**कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान प्रेमचंद गुप्ता ने कीः** मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के प्रधान प्रेम चंद गुप्ता ने अपने अनोखे अंदाज में मंच का संचालन किया और कार्यक्रम की अध्यक्षता भी प्रेम चंद गुप्ता ने की।

**सभा ने ब्राह्मण, वाल्मीकि व अन्य समाज का किया सम्मानः** कार्यक्रम के दौरान मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा ने ब्राह्मण, वाल्मीकि व अन्य समाज के लोगों के पैरों पर हल्दी लगाकर उनका सम्मान किया।

**कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का पदाधिकारियों ने किया स्वागतः** महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव में आये हुए गणमान्य लोगों का सभा के पदाधिकारियों ने भव्य रूप में स्वागत किया और सभा के द्वारा किये जा रहे अन्य कार्यों की भी जानकारी दी।

**भजन सम्राट मुकेश गोयल के भजनों पर झूमें लोगः** कार्यक्रम के दौरान भजन सम्राट मुकेश गोयल ने कार्यक्रम में आये हुए लोगों को अपने मधुर भजनों पर झूमनें पर मजबूर कर दिया। इस दौरान भव्य झांकियां भी निकाली गई।

**अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना कीः** कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों ने कहा कि बड़े ही भव्य रूप में आज मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के द्वारा महाराजा अग्रेसन जयंती मनाई जा रही है। इस भव्य कार्यक्रम के लिए सभा के सभी पदाधिकारियों को बधाई।

**ये लोग रहे मौजूदः** इस मौके पर मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के प्रधान प्रेम चन्द गुप्ता, मुख्य संरक्षक बृजमोहन गोटे वाले, मुख्य परार्मशदाता आदेश जैन, महामंत्री अरविन्द जैन, कोषाध्यक्ष अनिल गोयल, वरिष्ठ उपप्रधान अजय गुप्ता बॉबी, पवन अग्रवाल, संजीव गोयल (बंटी), रूपक गुप्ता, सुशील जिंदल, महेन्द्र गोयल, रजनीश गुप्ता, आनन्द मित्तल, मुकेश अग्रवाल, संजय गुप्ता, नवीन मित्तल, सुरेश अग्रवाल, विनोद सिंघल, सनातन धर्म मंदिर के प्रधान संजय गोयल, रामलीला कमेटी के प्रधान राजेन्द्र गुप्ता, पंजाबी सभा से निर्भय नरूला, मंजू अग्रवाल, मंजू गोयल, मगन गोयल सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

















# धूमधाम से मनाया गया अंजना वधवा का 70वां जन्मदिवस

















**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के डेरावाल नगर के आशीर्वाद बैंक्वेंट हॉल में चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विनोद वधवा की धर्मपत्नी अंजना वधवा का 70वां जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया।

आपकों बतादें कि सुबह से ही अंजना वधवा को बधाई देनें वालो का तांता उनके निवास पर लगा रहा। लोगों ने जहां एक और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी वहीं उनकी दीघार्यु की कामना भी की।

इस मौके पर मॉडल टाउन वार्ड के निगम पार्षद विकेश सेठी, मीनू सेठी, कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष संजय सहगल, विजय मेहता, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, पूर्व निगम प्रत्याशी कांग्रेस जेके डावर, निर्भय नरूला, कमलेश नरूला, नरेंद्र चुघ, सुदेश चुघ, कैलाश जोशी, प्रेमा जोशी, हरप्रीत सिंह, नवजोत कौर मान, संदीप अग्रवाल, रिया अग्रवाल, रमनदीप सिंह, अमित वधवा, बिमला सूरी, विनोद वधवा, राहुल वधवा, स्निग्धा वधवा, अनुषा वधवा, दिशीता वधवा, हरदेश खेतरपाल, आरती खेतरपाल, अनिल वधवा, हिमांशु वधवा, रतिका वधवा, अंकित वधवा, कृति वधवा, अजीत सूरी, नीरू सूरी, इंद्रजीत साहनी, अमिता साहनी, पवन कपूर, अनिता कपूर, उर्मिल वधवा, कुल भूषण वधवा, मिनाक्षी वधवा, सुधीर वधवा, रीता वधवा, सुरेश वधवा, रेनू वधवा, वीना वधवा, योगेश वधवा, रश्मि वधवा, अमित वधवा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# विधायक मुकेश अहलावत ने किया हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन




**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**सुल्तानपुर माजरा** विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले वार्ड नंबर-42 स्थित वाई ब्लॉक के निगम पार्क में हाई मास्ट लाइट लगाई गई, जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक मुकेश कुमार अहलावत द्वारा किया गया। इस दौरान स्थानीय निगम पार्षद राजेश कुमार के साथ-साथ विधायक प्रतिनिधि रीयाजूद्दीन खान व भारी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक मुकेश अहलावत ने बताया कि दिल्ली सरकार हमेशा ही जनता की सेवा में मौजूद रहती है, इसके साथ ही आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि भी हर समय अपने क्षेत्रीय जनता की सेवा में तत्पर रहते हैं। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि शाम होते ही लोगों को पार्क में सैर-सपाटा करने में काफी परेशानी होती थी, जिसको देखते हुए हाई मास्ट लाईट लगवाकर क्षेत्रीय जनता को सौंप दी गई। वहीं आरडी खान ने बताया कि हमारे विधायक मुकेश अहलावत ने हमेशा ही अपने क्षेत्र के लोगों का ध्यान रखा हैं व समय-समय पर क्षेत्र का दौरा भी करते रहते हैं।

# विधायक कहतें है वोट नहीं दिया तो कैसे करूँ विकास: सुरेश खारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/ महेंद्र सिंह**
**जहां एक ओर** तो दिल्ली सरकार दिल्ली में विकास की बातें कर रहीं हैं और घर-घर तक स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ बुनियादी सुविधाएं देने का दावा करती रहती हैं। वहीं दूसरी और त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर-63 स्थित रामपुरा गाँव वालों के साथ आम आदमी पार्टी की विधायिका प्रीति तोमर पर क्षेत्र की जनता ने नजर-अंदाज करने का आरोप लगाया है। वहीं गाँव वालों का कहना है कि विधायक प्रीति तोमर ने हमेशा ही रामपुरा गाँव वालों के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए रामपुरा गाँव वालों की हमेशा ही अनदेखी की है। मामले में रामपुरा गाँव में रहने वाले भाजपा के खंड



प्रमुख सुरेश खारी ने विधायक प्रीति तोमर पर अनदेखा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि रामपुरा गाँव वाले काफी लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।

**40 साल से नहीं बदली गई सीवर लाइनः** उन्होंने यह भी कहा कि गाँव स्थित पीपल वाली गली व कुम्हार वाली गली में लगभग 40 साल से सीवर लाइन नहीं बदली गई है, जिसके चलते आए दिन सीवर लाइन ओवरफ्लो रहती है, नतीजन गलियों में गंदा व बदबूदार पानी भर जाता है, जिससे मच्छरों से संबंधित बीमारियाँ भी फैलने का खतरा मंडराता रहता है।

**नाला ढंकने का हुआ शिलान्यास, लेकिन कार्य नहीं हुआ शुरूः** सुरेश ने बताया कि लगभग 4 साल पहले रामपुरा स्थित डीडीए फ्लेट के पास नाला ढंकने के लिए प्रस्ताव पास कर शिलान्यास किया गया था, लेकिन 4 साल बीत जाने के बाद भी आज तक वहां पर काम शुरू ही नहीं हुआ है। जिसकी वजह से नाले के आसपास रहने वाले लोगों को काफी परेशानी तो हो ही रहीं हैं, बल्कि लोगों को नुकसान भी झेलना पड़ रहा है, क्योंकि नाले के चक्कर मे लोगों के इलेक्ट्रोनिक उपकरण आए दिन खराब हो जाते हैं।

# बच्चों को दिलाई गई नशे के खिलाफ शपथः उत्तम आर्य





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शहीद** भगत सिंह योग अकादमी नांगल ठाकरान में सोमवार प्रातः सभी बच्चों के साथ यज्ञ, योग एवं अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। अकादमी के संचालक योग गुरु उत्तम आर्य ने बताया कि शुरूआत सर्वप्रथम यज्ञ से हुई सभी बच्चों ने वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ में आहुतियां दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर महर्षि दयानंद विद्या भवन बवाना के प्रबंधक अरुण ठाकरान मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि योग कर्मसु कौशलम अर्थात अपने प्रत्येक कार्य को कुशलतापूर्वक करना ही योग होता है, जो कि श्री कृष्ण जी भागवत गीता में कहते हैं। इसी कड़ी में उत्तम आर्य ने सभी को यज्ञ की महिमा समझाते हुए कहा कि यज्ञ अर्थात निःस्वार्थ भाव से किया जाने वाला कार्य ही यज्ञ होता है। जैसे एक सेना का जवान, एक किसान और एक शिक्षक एक प्रकार का यज्ञ ही करता है। अंत में उन्होंने सभी बच्चों को नशे के खिलाफ शपथ दिलवाई जिसमें सभी बच्चों ने शपथ ली कि आज से हम यह शपथ लेते हैं कि अपने समस्त जीवन में किसी भी प्रकार का कोई भी नशा नहीं करेंगे।

इस अवसर पर रविन्द्र व पुष्कर का सम्मान किया गया और शांति पाठ से कार्यक्रम का समापन किया गया।



एक्शन इंडिया दैनिक समाचार पत्र की ताजा तरीन सुर्खियों पर नजर डालते हुए दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री जितेंद्र तोमर।